दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी

संभाल साझेदारी के भाव देते हैं खुशियां.......
अपनी मम्मी के साथ टीन एज गर्ल..........

वर्ष : 11 | अंक : 90 | लखनऊ, 19 मार्च, बुधवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# लोकसभा में पीएम मोदी ने 1857 की क्रांति से की महाकुंभ की तुलना

## कहा- पूरे विश्व ने भारत के विराट स्वरूप के दर्शन किए

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं प्रयागराज में हुए महाकुंभ पर वक्तव्य देने के लिए उपस्थित हुआ हूं। आज मैं सदन के माध्यम से देशवासियों को कोटि-कोटि नमन करता हूं जिनकी वजह से महाकुंभ का सफल आयोजन हुआ। महाकुंभ की सफलता में अनेक लोगों का योगदान है। मैं सरकार, समाज के सभी कर्मयोगियों का अभिनंदन करता हूं। मैं देश भर के श्रद्धालुओं, उत्तर प्रदेश व विशेष रूप से प्रयागराज की जनता का धन्यवाद करता हूं। पूरे विश्व ने महाकुंभ के रूप में भारत के विराट स्वरूप के दर्शन किए। सबका प्रयास का यही साक्षात स्वरूप है। यह जनता जनार्दन का, जनता जनार्दन के संकल्पों के लिए, जनता जनार्दन की श्रद्धा से प्रेरित महाकुंभ था...महाकुंभ में हमने हमारी राष्ट्रीय चेतना के जागरण के विराट दर्शन किए। उन्होंने कहा कि महाकुंभ भारत के इतिहास में ऐसा ही क्षण था, जैसा 1857 की क्रांति, भगत सिंह का बलिदान और गांधी का डांडी मार्च था। इन घटनाओं ने देश को एक नया मोड़ दिया और ऐसा ही महाकुंभ के विशाल आयोजन से भी हुआ है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि महाकुंभ से अनेक अमृत निकले हैं, एकता का अमृत इसका बहुत पवित्र प्रसाद है। महाकुंभ ऐसा आयोजन रहा जिसमें देश के हर क्षेत्र, कोने से आए लोग एक हो गए। लोग अहम त्यागकर मैं नहीं हम की भावना से प्रयागराज में जुटे... जब अलग-अलग भाषा, बोली बोलने वाले लोग संगम तट पर हर-हर गंगे का उद्घोष करते हैं तो 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की झलक दिखती है। आज पूरे विश्व में जब बिखराव की स्थितियां हैं, उस दौर में एकजुटता का ये विराट प्रदर्शन हमारी ताकत है। अनेकता में एकता भारत की विशेषता है, ये हम हमेशा कहते आए हैं और इसी के विराट रूप का अनुभव हमने प्रयागराज महाकुंभ में किया है। हमारा दायित्व है, अनेकता में एकता की इसी विशेषता को हम निरंतर समृद्ध करते रहें।

पीएम मोदी ने कहा कि ये उमंग, उत्साह यहीं तक सीमित नहीं था। बीते सप्ताह मैं मॉरीशस में था, मैं त्रिवेणी से महाकुंभ के समय का पावन जल लेकर गया था। जब उस ?पवित्र जल को मॉरीशस के गंगा तलाब में अर्पित किया गया, तब वहां जो श्रद्धा का, आस्था का, उत्सव का माहौल था, वो देखते ही बनता था। ये दिखाता है कि हमारी परंपरा, हमारी संस्कृति, हमारे संस्कारों को आत्मसात करने की भावना कितनी प्रबल हो रही है। पिछले वर्ष, अयोध्या के राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हमने महसूस किया था कि कैसे देश एक हजार वर्षों के लिए तैयार हो रहा है। इसके ठीक एक साल बाद, महाकुंभ के आयोजन ने हम सबके इस विचार को और दृढ़ किया है। देश की ये सामूहिक चेतना देश का सामर्थ्य बताती है।

# महाकुंभ के दौरान दुनिया ने देखी भारत की भव्यता

### लोकसभा में बोले पीएम मोदी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, संसद का बजट सत्र सोमवार को फिर से शुरू हो चुका है। मंगलवार को भी संसद की कार्यवाही शुरू हो चुकी है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा में भाषण दे रहे है। इससे पहले होली के त्योहार को देखते हुए पिछले बुधवार को दोनों सदनों को 17 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया गया था। 'मैं देश के करोड़ों लोगों को नमन करता हूं जिन्होंने प्रयागराज में महाकुंभ की सफलता में योगदान दिया,' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में कहा। 'महाकुंभ के दौरान पूरी दुनिया ने भारत की भव्यता देखी,' प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा में कहा है। पीएम मोदी ने कहा, 'भारत की नई पीढ़ी महाकुंभ से जुड़ रही है, वह परंपराओं और आस्था को गर्व के साथ अपना रही है'। पीएम मोदी ने कहा, हम सभी ने महाकुंभ के आयोजन के लिए किए गए भव्य प्रयास को देखा है। मैंने लाल किले की प्राचीर से 'सबका प्रयास' के महत्व पर जोर दिया था। पूरी दुनिया ने महाकुंभ के रूप में भारत की भव्यता देखी।

उन्होंने कहा कि महाकुंभ ने बहुत प्रेरणा दी है। हमारे पास कई बड़ी-बड़ी नदियां हैं, जिनमें से कुछ खतरे में हैं। कुंभ से प्रेरित होकर हमें 'नदी उत्सव' का विस्तार करना चाहिए। इससे नई पीढ़ी को जल संरक्षण का महत्व पता चलेगा।

# ईडी ने जमीन के बदले नौकरी घोटाले में पूछताछ के लिए लालू यादव, राबड़ी देवी और तेजप्रताप को किया तलब

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



पटना, प्रवर्तन निदेशालय ने जमीन के बदले नौकरी धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए राजद अध्यक्ष और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटे तेजप्रताप यादव को तलब किया है। इस मामले में अब ईडी एक्शन मोड में आ गई है। ये जानकारी आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को साझा की है।

76 वर्षीय लालू प्रसाद यादव को बुधवार को पटना में संघीय जांच एजेंसी के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया है, जबकि उनके परिजनों को मंगलवार को पेश होने के लिए कहा गया है। सूत्रों ने बताया कि तीनों के बयान धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज किए जाने हैं।

हालांकि, सूत्रों ने बताया कि लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार के सदस्य एजेंसी के समक्ष पेश नहीं हो सकते हैं। इस मामले में प्रसाद और उनके छोटे बेटे तेजस्वी यादव से ईडी पहले भी पूछताछ कर चुकी है। पिछले साल ईडी ने दिल्ली की एक अदालत में प्रसाद के परिवार के सदस्यों के खिलाफ मामले में आरोपपत्र दायर किया था, जिसमें राबड़ी देवी और उनकी बेटियों मीसा भारती और हेमा यादव के अलावा कुछ अन्य को भी आरोपी बनाया गया था। जांच इस आरोप से संबंधित है कि प्रसाद ने केंद्र में यूपीए-1 सरकार में रेल मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान 2004-2009 के दौरान भारतीय रेलवे में ग्रुप डी के स्थानापन्नों की नियुक्ति के लिए भ्रष्टाचार में लिप्त थे। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की एफआईआर के अनुसार, उम्मीदवारों को रेलवे में नौकरी दिलाने के बदले में रिश्वत के तौर पर जमीन हस्तांतरित करने के लिए कहा गया था, ईडी ने पहले एक बयान में कहा था।

### मौसम

अधिकतम तापमान 26.c
न्यूनतम तापमान 11.c

### बाजार

सोना 7,177/ g
चांदी 96/ g
सेंसेक्स 78,271.28
निफ्टी 23,696.30

# झारखंड के देवघर में इंडियन ऑयल प्लांट में लगी भीषण आग

### खाली कराए गए गांव

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, देवघर के जसीडीह में स्थित इंडियन ऑयल प्लांट में भीषण आग लग गई, जिसकी लपटें तेजी से पूरे प्लांट में फैल गईं। दूर से ही धुएं का गुबार और ऊंची लपटें दिखाई दे रही थीं, जिससे आसपास के इलाकों में अफरा-तफरी मच गई।

### आस-पास के गांवों को खाली कराया जा रहा है

पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आस-पास के गांवों को खाली कराना शुरू कर दिया है। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए प्लांट के आसपास के पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। प्लांट के नजदीक स्थित गांवों से लोगों को सुरक्षित निकालने के प्रयास जारी हैं।

### आग लगने का कारण अभी भी अज्ञात

आग लगने का सही कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। दमकलकर्मी और आपातकालीन प्रतिक्रिया दल मौके पर हैं और आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं।

# गजनवी के भतीजे पर योगी का प्रहार

## सोमनाथ को लूटने वाले मसूद गाजी की याद में संभल में लगने वाला नेजा फेयर अब से नहीं लगेगा

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार के प्रयासों से संभल का सच तो सामने आ ही रहा है साथ ही संभल में विदेशी आक्रांताओं की याद में लगने वाला मेला भी अबसे नहीं लगा करेगा। हम आपको बता दें कि संभल में हर साल मसूद गाजी की याद में मेला लगता था जिसमें बड़ी संख्या में मुसलमान भाग लिया करते थे। मसूद गाजी वही आक्रांता है जिसने सोमनाथ मंदिर को लूटा था। संभल जिले में प्रशासन और पुलिस ने महमूद गजनवी के भांजे और सैन्य कमांडर सैयद सालार मसूद गाजी की याद में वार्षिक नेजा मेले के आयोजन को अनुमति देने से इंकार कर दिया है जिसको लेकर राज्य की राजनीति गर्मा गयी है। अखिलेश यादव तो योगी सरकार के इस निर्णय से बौखला गये हैं लेकिन प्रशासन अपने फैसले पर अडिग है।

हम आपको बता दें कि संभल पुलिस ने नेजा मेला समिति से स्पष्ट किया है कि देश को लूटने वाले व्यक्ति की याद में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की अनुमति नहीं दी जाएगी। पुलिस ने मेले के आयोजन को देशद्रोह बताया है। हम आपको बता दें कि नेजा मेला कमेटी के सदस्य सोमवार को कोतवाली में अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) श्रीश चंद्र से मिले, जहां अधिकारी ने साफ शब्दों में सालार मसूद गाजी के नाम पर मेले के आयोजन को अनुमति देने से इनकार कर दिया। उन्होंने कमेटी के लोगों से स्पष्ट किया कि इतिहास गवाह है वह (मसूद गाजी) महमूद गजनवी का सेनापति था, जिसने सोमनाथ को लूटा और कत्लेआम किया। अधिकारी ने बताया कि किसी लुटेरे की याद में किसी भी तरह का मेले का आयोजन नहीं होगा। वहीं नगर नेजा मेला कमेटी के अध्यक्ष शाहिद हुसैन मसूरी ने पत्रकारों से कहा कि यहां पर सैंकड़ों वर्ष से मेले का आयोजन किया जाता है लेकिन इस वर्ष पुलिस अधिकारियों ने यह कहते हुए अनुमति देने से इंकार कर दिया कि सालार मसूद गाजी आक्रांता थे और उनकी याद में मेले का आयोजन नहीं होगा। शाहिद हुसैन ने कहा कि हम वरिष्ठ अधिकारियों से मिलेंगे और उनसे बात करेंगे। इस बीच, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश सरकार के फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा है कि यह सरकार आपसी भाईचारे को खत्म करना चाहती है।

## संक्षिप्त समाचार

# 4 दशक पहले फिरोजाबाद में 24 दलितों को मारा था, अब 3 दोषियों को हुई फांसी की सजा

एजेंसी

नई दिल्ली, न्याय के लिए 44 साल के इंतजार के बाद उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में एक विशेष डकैती अदालत ने सनसनीखेज डिहुली गांव नरसंहार मामले में तीन दोषियों को मौत की सजा सुनाई, जिसमें महिलाओं और बच्चों सहित 24 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जबकि एक दोषी फरार है, पुलिस हिरासत में दो अन्य आज पहले अदालत में पेश हुए, और खुद को निर्दोष बताया। कथित तौर पर, 18 नवंबर 1981 की दुर्भाग्यपूर्ण शाम को, फिरोजाबाद के जसराना थाना क्षेत्र के अंतर्गत डिहुली गांव की एससी कॉलोनी में सशस्त्र बदमाशों के एक समूह ने धावा बोल दिया और घरों में मौजूद पुरुषों, महिलाओं और यहां तक कि बच्चों पर गोलियां चला दीं। गोलीबारी तीन घंटे तक लगातार जारी रही, जिसमें 23 लोग मौके पर ही मारे गए। एक अन्य पीड़ित ने फिरोजाबाद के अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हत्याकांड के बाद स्थानीय निवासी लायक सिंह ने 19 नवंबर को जसराना थाने में तहरीर देकर राधेश्याम उर्फ राधे, संतोष चौहान उर्फ संतोषा, रामसेवक, रविंद्र सिंह, रामपाल सिंह, वेदराम सिंह, मिठ्ठू, भूपराम, मानिक चंद्र, लटूरी, राम सिंह, चुन्नीलाल, होरीलाल, सोनपाल, लायक सिंह, बनवारी, जगदीश, रेवती देवी, फूल देवी, कप्तान सिंह, कमरुद्दीन, श्यामवीर, कुंवरपाल और लक्ष्मी समेत 20 से ज्यादा लोगों पर आरोप लगाया था। पुलिस ने सामूहिक हत्याकांड की जांच शुरू कर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। जिला कोर्ट में शुरूआती सुनवाई के बाद केस प्रयागराज ट्रांसफर कर दिया गया था। वहां से फिर केस मैनपुरी स्पेशल जज डकैती कोर्ट में ट्रांसफर कर दिया गया, जहां पिछले 15 साल से केस की सुनवाई चल रही है।

# सांसदों के साथ सीएम रेखा गुप्ता ने की बजट पर चर्चा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजधानी के भाजपा लोकसभा सांसदों के साथ बैठक की और शहर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनने के बाद पहले बजट के लिए उनके सुझाव मांगे। भाजपा सरकार 24 से 26 मार्च तक चलने वाले बजट सत्र के दौरान 2025-26 के लिए विकसित दिल्ली बजट पेश करेगी, जिसका अनुमानित बजट लगभग 80,000 करोड़ रुपये होगा। गुप्ता ने कहा कि उनकी सरकार का प्राथमिक लक्ष्य दिल्ली को आधुनिक सुविधाओं से लैस शहर के रूप में विकसित करना है। बैठक के बाद प्रेस को संबोधित करते हुए गुप्ता ने कहा कि आगामी बजट का हमारा उद्देश्य आधुनिक बुनियादी ढांचा, स्वच्छ वातावरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, नए रोजगार के अवसर और बहुत कुछ प्रदान करना है। दिल्ली के लिए सरकार का विजन न केवल इसे भारत का शीर्ष शहर बनाना है, बल्कि इसे एक वैश्विक शहर में बदलना भी है, जहां हर नागरिक को समान अवसर और सर्वोत्तम बुनियादी ढांचे तक पहुंच मिले। सांसदों की सक्रिय भागीदारी तथा राज्य एवं केंद्र सरकारों के बीच सहयोग से यह लक्ष्य तेजी से हासिल किया जाएगा। चर्चा के मुख्य विषयों में दिल्ली की सड़कों, फ्लाईओवर और मेट्रो विस्तार से जुड़ी परियोजनाओं को तेजी से पूरा करना; यमुना सफाई अभियान के तहत जल प्रदूषण से निपटने के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संयुक्त प्रयास हरित क्षेत्रों का विस्तार और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना; नए स्कूलों और डिजिटल लर्निंग सेंटरों की स्थापना; सरकारी अस्पतालों का आधुनिकीकरण और व्यापक कार्य योजना के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार शामिल थे।

इस बात पर भी जोर दिया गया कि दिल्ली को केंद्र सरकार की योजनाओं का अधिकतम लाभ मिले। दिल्ली सरकार शहर और उसके निवासियों के समग्र विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हमारे घोषणापत्र में किए गए हर वादे को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पूरा किया जाएगा। हमारा उद्देश्य ऐसा बजट पेश करना है जो दिल्ली के लोगों को बड़ा लाभ पहुंचाए और उनकी समृद्धि और खुशहाली को बढ़ाए।

# नवंबर में शादी के बाद कपल में आ गई थी दूरियां, पति ने अदालत में दी जानकारी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव सोना तस्करी मामले में लगातार घिरी हुई है। इस मामले में रान्या राव के पति जतिन हुक्केरी ने सोना तस्करी मामले में चल रही जांच के सिलसिले में गिरफ्तारी से छूट मांगी है। इससे पहले कर्नाटक उच्च न्यायालय ने पिछले मंगलवार को अगली सुनवाई तक उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करने का आदेश दिया था। हुक्केरी के वकील ने गिरफ्तारी से छूट की मांग करते हुए कहा कि उन्होंने नवंबर में राव से शादी की थी, जिन पर दुबई से 14 किलोग्राम से अधिक सोने की तस्करी का आरोप है, लेकिन दंपति एक महीने में ही अलग हो गए। कर्नाटक के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी डीजीपी के रामचंद्र राव की सौतेली बेटी रान्या फिलहाल परप्पना अग्रहारा जेल में बंद है। उन्हें 3 मार्च को बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया गया था, जब अधिकारियों ने उनके पास से 12.56 करोड़ रुपये मूल्य की 14.2 किलोग्राम विदेशी सोने की छड़ें जब्त की थीं। उसके घर पर छापेमारी में 2.06 करोड़ रुपये के सोने के आभूषण और 2.67 करोड़ रुपये की नकदी बरामद हुई। जांचकताओं को संदेह है कि वह एक बड़े तस्करी नेटवर्क का हिस्सा थी।

# विकसित महाराष्ट्र का लक्ष्य हासिल करने के लिए बुनियादी ढांचे और कृषि को प्राथमिकताः अजित पवार

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



महाराष्ट्र , महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने सोमवार को कहा कि महायुति सरकार ने विकसित महाराष्ट्र के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कृषि, उद्योग, रोजगार सृजन और कल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता दी है। राज्य के बजट 2025-26 पर विधानसभा में चर्चा का जवाब देते हुए पवार ने कहा कि बड़े सपने देखने और बड़े विकास लक्ष्यों को हासिल करने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत होती है। अजित पवार के पास राज्य के वित्त विभाग की भी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि महायुति सरकार में ताकत और राजनीतिक इच्छाशक्ति है। उन्होंने कहा कि यदि सड़क अवसंरचना और नेटवर्क का विस्तार किया जाए, तो उद्योगों की उत्पादकता बढ़ेगी, किसानों को परिवहन पर कम खर्च उठाना पड़ेगा, ईंधन की बचत होगी और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। पवार ने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) प्रौद्योगिकी राज्य में कृषि को नया जीवन देगी और किसानों को समृद्ध बनाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना जारी रहेगी और अयोग्य लाभार्थियों को हस्तांतरित धन वापस नहीं लिया जाएगा। पवार ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में कई महिलाओं ने छोटे व्यवसाय शुरू करने के लिए 1,500 रुपये का इस्तेमाल शुरूआती पूंजी के तौर पर किया है, और कई महिलाओं ने यह अपील किये जाने के बाद उज्वला गैस योजना का लाभ छोड़ दिया है कि यह योजना समाज के गरीब वर्गों के लिए है। उन्होंने कहा, ह्यअगर ऐसी महिलाओं को सशक्त बनाया जाता है, तो राज्य की अर्थव्यवस्था को लाभ होगा। ह्न मंत्री ने कहा कि सरकार के कृषि विकास पर ध्यान केंद्रित करने के कारण, इस क्षेत्र की वृद्धि दर 2024-25 में बढ़कर 8.7 प्रतिशत तक पहुंच गई, जबकि 2023-24 में यह 3.3 प्रतिशत थी। उन्होंने कहा कि एआई प्रौद्योगिकी फसल प्रबंधन मार्गदर्शन प्रदान करेगी और उत्पादकता बढ़ाएगी।

# औरंगजेब मकबरे विवाद के बीच अशांति बढ़ने पर नागपुर में बड़े समारोहों पर प्रतिबंध

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, नागपुर में इन दिनों तनाव की स्थिति बनी हुई है। नागपुर के हंसपुरी इलाके में एक और झड़प हुई और सोमवार देर रात कई घरों और वाहनों में तोड़फोड़ की गई है। नागपुर में मुगल सम्राट औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग के बीच अशांति बढ़ गई। शहर में उस समय तनाव की स्थिति पैदा हो गई जब बजरंग दल के सदस्यों ने महल इलाके में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के पास प्रदर्शन किया। जल्द ही कुरान के अपमान की अफवाह फैल गई, जिससे लोगों में आक्रोश फैल गया और छह लोग तथा तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए।

प्रदर्शन के वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुए। इसके बाद गणेशपेठ पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई, जिसमें पवित्र ग्रंथ को जलाने का आरोप लगाया गया। ओल्ड भंडारा रोड के पास हंसपुरी इलाके में रात 10:30 से 11:30 बजे के बीच झड़प हुई और एक अनियंत्रित भीड़ ने कई वाहनों को जला दिया और घरों और एक क्लिनिक में तोड़फोड़ की।

नागपुर के पुलिस आयुक्त डॉ. रविंदर सिंघल ने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 (यह मजिस्ट्रेटों को तत्काल मामलों में बाधा, मानव जीवन के लिए खतरा, सार्वजनिक अशांति या दंगों को रोकने के लिए तत्काल निवारक आदेश जारी करने का अधिकार देती है, और इसे व्यक्तियों, विशिष्ट क्षेत्रों या आम जनता पर निर्देशित किया जा सकता है) शहर में लागू कर दी गई है।

### मुख्यमंत्री फडणवीस ने की शांति की अपील

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने क्षेत्र में शांति की अपील की और लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने को कहा। उन्होंने कहा, महल इलाके में पथराव और तनावपूर्ण स्थिति के बाद पुलिस स्थिति को संभाल रही है...नागपुर एक शांतिपूर्ण शहर है जहां लोग एक-दूसरे के सुख-दुख में शामिल होते हैं, जो हमेशा से नागपुर की परंपरा रही है। किसी भी अफवाह पर विश्वास न करें। नागपुर के पुलिस उपायुक्त अर्चित चांडक ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा पुलिस दल पर पथराव किये जाने के बाद पुलिस को आंसू गैस का इस्तेमाल करना पड़ा। उन्होंने कहा, रपत्थरबाजी हो रही थी, इसलिए हमने बल का प्रदर्शन किया और आंसू गैस का भी इस्तेमाल किया...कुछ वाहनों में आग लगा दी गई, हमने फायर ब्रिगेड को बुलाकर आग बुझाई...कुछ पुलिस कर्मी घायल हो गए, और पथराव के दौरान मेरे पैर में भी हल्की चोट आई। लेकिन हम सभी से शांति बनाए रखने का आग्रह करते हैं।

# संदिग्ध हालात में निर्माणाधीन मकान के अंदर लटका मिला युवक का शव

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक युवक संदिग्ध हालात में अपने निमार्णाधीन मकान के अंदर फांसी से लटका मिला। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सरोजनीनगर के मखदूम नगर, बदाली खेड़ा निवासी राकेश मौर्य का बेटा भानु प्रताप मौर्य उर्फ अंकित (30) ऑनलाइन शिकायत पर धर्म कांटा की मरम्मत करने का काम करता था। इसका एक मकान बिजनौर के मुल्लाही खेड़ा में बन रहा है। लेकिन करीब 1 माह से उसमें कोई निर्माण कार्य नहीं चल रहा। भानु प्रताप सोमवार सुबह करीब 9:30 बजे मेदांता हॉस्पिटल तरफ किसी काम से जाने की बात कह कर घर से निकला था। लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने कई बार उसके मोबाइल पर फोन किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। मंगलवार को परिजनों ने घर में देखा तो मुल्लाही खेड़ा वाले निमार्णाधीन मकान की चाबी नहीं नजर आई। तब परिजनों को भानु प्रताप के निमार्णाधीन मकान में जाने का संदेह हुआ और उसका का छोटा भाई शशांक अपने निमार्णाधीन मकान में पहुंचा। जहां मकान के अंदर आंगन में लगी लोहे की जाल से भानु प्रताप रस्सी के सहारे मृत लटका मिला। उसके बाद शशांक ने इसकी सूचना परिजनों और बिजनौर पुलिस को दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में बिजनौर प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राणा का कहना है कि शुरूआती जांच में मृतक के परिजनों से पता चला है कि भानु प्रताप किसी बात को लेकर काफी दिनों से डिप्रेशन में था। उसका इलाज भी चल रहा था। संदेह जताया जा रहा है कि इसी से परेशान होकर उसने आत्महत्या की है। फिलहाल मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। वहीं मृतक के परिवार में उसके पिता राकेश मौर्य के अलावा मां सुधा मौर्य और छोटा भाई शशांक मौर्य उर्फ निजु है।

# एक्सीडेंट की झूठी कहानी बनाने वाले बेरहम पति ने साथी संग पत्नी की डंडे से पीट-पीट की हत्या

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज।नगराम थाना क्षेत्र में बीते रविवार को कुबहरा मेले से बाइक से वापस लौटते समय पति ने अपने साथी संग मिलकर पत्नी की डंडे व लोहे के तार से पीट पीट कर हत्या कर दी थी ओर घटना को एक्सीडेंट का रूप देने की कोशिश की थी पीएम में गम्भीर चोटे लगने से मौत की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने मृतका के चाचा की तहरीर पर आरोपी पति व साथी के विरूद्व हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गयी है बाराबंकी जनपद के लोनीकटरा थाना क्षेत्र के शिवनाम निवासी राजाराम ने बताया अपनी भतीजी मालती का 15वर्ष पहले तिलकराम निवासी कंचनखेड़ा मजरा समेसी थाना नगराम से विवाह किया था शादी के बाद ही दामाद तिलकराम ससुराल की जमीन अपने नाम कराने का दबाब पत्नी मालती पर बनाता था मना करने पर मारपीट करता था।

नगराम थाना क्षेत्र में मेला दिखाने के बहाने तीन दिन पहले बाइक से पत्नी को घर से ले जाकर पति ने साथी संग मिलकर डंडे से पीट-पीट कर की थी हत्या,घटना को एक्सीडेंट का रूप देने की थी कोशिश

बीते रविवार को कुबहरा मेला देखने के बहाने पत्नी मालती को अपने साथी राजेश प्रजापति निवासी भवानीखेड़ा मजरा समेसी के साथ बाइक से ले गया था मेला देखने के बाद अपने मौसा राधेश्याम निवासी कुबहरा के घर गया था जहां से अपने मौसा के बेटे अनिल से बहाना कर डंडा मांग कर अपने साथ लेकर निकला था,उक्त कि बाइक में तीन फिट का लोहे का नंगा तार भी रखा था,मौसा के घर से निकलने के बाद रास्ते में सुनसान स्थान देखकर तिलकराम ने अपने साथी राजेश प्रजापति के साथ मिलकर पत्नी मालती की डंडे व लोहे के तार से पीट पीट कर हत्या करने के बाद घटना को एक्सीडेंट का रूप देने की कोशिश करते हुये अपने जानने वालो को सूचना देकर मौके पर बुलाया था ओर एक निजी अस्पताल लेकर गये थे जहां डाक्टर ने भतीजी मालती को मृत्यु घोषित कर दिया था सूचना के बाद मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे तो मृतका मालती के शरीर पर गम्भीर चोटो व डंडे के निशान व काले धब्बे पड़े देखे जिसके बाद मायके पक्ष के लोगो ने नगराम पुलिस को सूचना दी थी।

सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पीएम के लिये भेजा था बीते सोमवार को मृतक के शव का पीएम हुआ तो डाक्टरो ने गम्भीर चोटे लगने से मौत की रिपोट में पुष्टि की मृतका के शव का अन्तिंम संस्कार करने के बाद मगंलवार को चाचा ने नगराम थाने पहुंचकर पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये दामाद व उसके साथी पर हत्या का मुकदमा दर्ज किये जाने की तहरीर दी ।। थानाध्यक्ष विवेक चौधरी ने बताया तहरीर के आधार पर आरोपी पति व उसके साथी के विरूद्व हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपियो को हिरासत में लेकर पुछताछ की जा रही हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**माल के बाजार गांव की घटना, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

**अमन लेखनी समाचार**


मृतक सरवन फाइल – फोटो

लखनऊ। घर से निकले युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में गमछा के सहारे पेड़ से लटकता हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### मौत की सूचना मिलते ही परिवार में मची चीख पुकार

माल थाना क्षेत्र के बाजार गांव निवासी सरवन (25) मंगलवार सुबह करीब 9 बजे किसी काम से घर से बाहर निकाला था। तभी मंगलवार दोपहर बाद सूचना मिली कि सरवन का शव गांव के बाहर उसी के आम के बाग में संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से गमछे के सहारे लटकता हुआ मिला। उधर से निकल रहे ग्रामीणों ने शव को बाग में लटकता हुआ देख दंग रह गए जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मृतक सरवन की शादी अभी कुछ दिन पहले बीती 6 मार्च को अकबरपुर से हुई थी। सूत्रों के अनुसार शादी के कुछ दिन बाद से ही सरवन गुमसुम अवस्था में रह रहा था। यह संबंध में माल थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद द्विवेदी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# वकीलों और पुलिस कर्मियों के बीच बवाल से नाराज अधिवक्ताओं ने प्रभारी निरीक्षक को सौंपा ज्ञापन

**अमन लेखनी समाचार**



सरोजनीनगर, लखनऊ। विभूति खंड थाने में वकीलों और पुलिस कर्मियों के बीच हुए बवाल से नाराज सरोजनीनगर तहसील के वकीलों ने मंगलवार को कार्य बहिष्कार कर दिया। इस दौरान सरोजनीनगर बार एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्यों ने एक बैठक की। संगठन के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता और महामंत्री गोविंद प्रताप शुक्ला एडवोकेट के संचालन में वकीलों ने बैठक कर पुलिस कर्मियों द्वारा अधिवक्ताओं के साथ की गई मारपीट की घोर निंदा की। बैठक में कहा कि विभूति खंड थाने के पुलिसकर्मियों ने अधिवक्ताओं के साथ मारपीट कर अमानवीय व्यवहार करने के साथ फर्जी रिपोर्ट दर्ज की है, जो बहुत ही निंदनीय है। उन्होंने विभूति खंड के पुलिसकर्मियों के निलंबन की मांग करते हुए दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। साथ ही अधिवक्ताओं के ऊपर पुलिस द्वारा दर्ज की गई फर्जी रिपोर्ट को निरस्त करने के अलावा प्रदेश सरकार से अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए तत्काल एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के साथ पुलिस द्वारा किए गए दुर्व्यवहार से अधिवक्ताओं में काफी रोष व्याप्त है। इस दौरान सरोजनीनगर बार एसोसिएशन ने निर्णय लिया कि इसको लेकर मंगलवार को सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से पूर्ण रूप से विरत रहेंगे। मंगलवार को तहसील में इकट्ठा हुए सभी अधिवक्ताओं ने पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पुलिस कमिश्नर को संबोधित एक ज्ञापन बिजनौर प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राणा को सौंपा। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित प्रताप सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष मध्य ओपी सिंह व संजय तिवारी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र तिवारी और संयुक्त मंत्री समर सेन व विवेक सिंह सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

# गर्मी की दस्तक ने ही मोहनलालगंज में लेसा की पोल खोली

- जेई ने उपभोक्ताओं से अंधेरे में रात गुजारने की बात कहकर पल्ला झाड़ा
- अधिकारियों की फटकार पर 10 घंटे बाद वैकल्पिक व्यवस्था से लाइट शुरू हुई

**अमन लेखनी समाचार/सौरभ सिंह**


मोहनलालगंज।मोहनलालगंज कस्बे का सोमवार दोपहर एक ट्रांसफार्मर जल गया देर शाम तक ट्रांसफार्मर बदलने का उपभोक्ता इंतजार करते रहे और देर रात इलाके के जेई से संपर्क किया तो जेई ने ट्रांसफार्मर बदलने और वैकल्पिक व्यवस्था से बिजली शुरू करने के लिए साफ मनाकर अंधेरे में रहने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया बाद में उपभोक्ताओं ने एक्सिएन से गुहार लगाई तब जाकर फटकार पर कमर्चारियों ने वैकल्पिक व्यवस्था कर देर रात लाइट शुरू कराई और मंगलवार देर शाम तक ट्रांसफार्मर बदला जा सका। मोहनलालगंज कस्बे में एसडीएम आवास के निकट का सोमवार दोपहर को ट्रांसफार्मर जल गया ।जिसके चलते एसडीएम आवास सहित कालोनीवासियों की बिजली बंद हो गई शाम तक उपभोक्ता ट्रांसफार्मर बदलने का इंतजार करते रहे ।घरों के इनवर्टर बैठने पर उपभोक्ताओं ने इलाके के जेई सतेंद्र कुमार से संपर्क किया तो जेई ने कहा आज ट्रांसफार्मर नहीं बदला जा सकता रात अंधेरे में ही काटनी पड़ेगी ।इस पर कुछ उपभोक्ताओं ने एक्सियन से संपर्क कर पूरे मामले से अवगत कराया तो एक्सिएन ने वैकल्पिक व्यवस्था कर बिजली शुरू कराए जाने का आश्वासन दिया। मंगलवार एक्सियन श्रवण कुमार सिंह ने बताया ट्रांसफार्मर आ रहा शाम तक बदल दिया जाएगा।

### अधिकारियों की फटकार पर देर रात पहुंचे कर्मचारी

बिजली उपभोक्ताओं ने बताया कि सोमवार देर शाम जब जेई से ट्रांसफार्मर बदलने की बात पूछी गई तो जेई ने ट्रांसफार्मर बदलने जाने से साफ मना कर दिया इस पर उपभोक्ताओं ने वैकल्पिक व्यवस्था से लाइट शुरू करने को कहा तो जेई ने कह दिया कि वैकल्पिक व्यवस्था से लाइट नहीं शुरू की जा सकती ।इस पर उपभोक्ताओं ने जब एक्सिएन से शिकायत की तो फटकार पर मोहनलालगंज सब स्टेशन कर्मचारी मौके पर पहुंचे और लाइन देखकर कालोनी सहित एसडीएम आवास की लाइट दूसरी लाइन से जोड़कर देर रात शुरू की तब जाकर कालोनी के लोगों ने राहत की सांस ली।

# फ्लाई ओवर के निर्माण से लगा लंबा जाम, रेंग कर चलते रहे वाहन

**अमन लेखनी समाचार**



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर में नादरगंज के पास कानपुर रोड मंगलवार शाम को भयंकर जाम से जूझता नजर आया। यहां यह आलम लगभग रोज सुबह शाम दो से तीन घंटे तक बना रहता है। जाम लगने का मुख्य कारण सरोजनीनगर एलीवेटेड रोड निर्माण में लगी पीएनसी कंपनी की लापरवाही बताया जा रहा है। गौरतलब है कि सरोजनी नगर में नादरगंज तिराहे के पास कानपुर एलीवेटेड रोड को लेकर पीएनसी कंपनी द्वारा फ्लाई ओवर का निर्माण किया जा रहा है। इसकी वजह से लखनऊ कानपुर आने जाने वाली दोनों पटरियों के बीच करीब 10 मीटर चौड़ाई से सड़क की खुदाई कर फ्लाईओवर पर चढ़ने उतरने के लिए मिट्टी की भरान की जा रही है। इसकी वजह से दोनों तरफ रोड काफी संकरी हो गया है। सबसे ज्यादा तो कानपुर से लखनऊ की ओर आने वाली पटरी यहां नादरगंज तिराहे से सीएनजी पंप की तरफ करीब 250 मीटर तक काफी संकरी हो गई है। इससे कानपुर की ओर से आने वाले वाहनों को निकलने में दिक्कत हो रही है। इस संकरी पटरी पर यातायात का दबाव बढ़ते ही पूरी सड़क वाहनों से भर जाती है। जिससे वाहन सवार रॉन्ग साइड निकलने लगते हैं। मंगलवार शाम भी यही हालत हो गई। जिसके कारण नादरगंज तिराहे पर भयंकर जाम के हालात पैदा हो गए। इस पर कानपुर की ओर से आने वाले वाहन रॉन्ग साइड से भी निकलने लगे तो लखनऊ से कानपुर तरफ जाने वाले वाहनों का रास्ता बंद हो गया। तब लखनऊ से कानपुर जाने वाली पटरी पर भी भयंकर जाम लग गया। तब भीषण जाम की समस्या उत्पन्न होती देख यहाँ मौजूद ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने रांग साइड आ रहे वाहनो को रोका। इसके बाद लखनऊ से कानपुर की ओर जाने वाले वाहन निकल पाए। लेकिन रॉन्ग साइड आ रहे वाहनों को रोकने से कानपुर से लखनऊ आने वाली पटरी पर समस्या और ज्यादा बढ़ गई। इससे संकरी पटरी पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। यातायात सुचारु करने में ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को छींकें तक आ गई। फिलहाल यहां शाम करीब 5 बजे पैदा हुए जाम के हालात करीब 8 बजे तक नहीं सुचार हो सके थे। बल्कि वाहन रेंग रेंग कर चलते नजर आए। लोगों को 250 मीटर का रास्ता तय करने में 20 से 25 मिनट तक लग गए।

# व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष ने पटरी दुकानों को लेकर की बैठक

**अमन लेखनी समाचार**



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर में कानपुर रोड के किनारे लगने वाली अस्थाई पटरी दुकानों को लेकर उत्तर प्रदेश जनहित व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा ने मंगलवार को हाइडिल बाजार में एक बैठक की। संगठन के सरोजनीनगर विधानसभा प्रभारी जितेंद्र कुमार हजेला की मौजूदगी में हुई इस बैठक में अस्थाई पटरी दुकानदारों की समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा ने कहा कि प्रशासन ने गौरी की साप्ताहिक बाजार को स्थानांतरित कर बिजनौर रोड स्थित राज बब्बर गेस्ट हाउस के सामने तो कर दिया है, लेकिन हाइडिल चौराहे के आसपास के अस्थाई पटरी दुकानदारों के लिए अभी तक कोई व्यवस्था नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि कानपुर एलिवेटेड रोड निर्माण के चलते कानपुर रोड का चौड़ीकरण कर देने से यहां के अस्थाई पटरी दुकानदारों के सामने बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। सब्जी व चाय पान आदि सहित विभिन्न प्रकार की दुकाने लगाने वाले अस्थाई पटरी दुकानदारों के लिए जगह नहीं रह गई है। जिससे उनकी दुकान नहीं लग पा रही और दुकान न लगने के कारण वह भूखमरी की कगार पर पहुंचते जा रहे हैं। उन्होंने मांग की क इन अस्थाई दुकानदारों के लिए भी चिन्हित कर जगह दी जाए। जिससे वह अपनी रोजी-रोटी चल सकें। उन्होंने कहा कि वह इस संबंध में बुधवार को पांच सूत्रीय ज्ञापन सरोजनीनगर एसडीएम को सौंपेंगे। जिसमें एसीपी कृष्णा नगर, नगर निगम जोन 5 और जोन 8 के जोनल अधिकारियों को बुलाकर संयुक्त रूप से बैठक कर समस्याओं का समाधान निकालने का अनुरोध किया जाएगा।

# भाई-बहन की पिटाई के आरोपियो पर मुकदमा दर्ज

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र में स्थित डीएलएफ गार्डेन सिटी निवासी मोनी सिंह ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये बताया 14मार्च की सुबह 6 बजे के करीब पड़ोसी आशीष दुबे अपने तीन साथियो के साथ उसके फ्लैट पर आ धमके ओर ईट से जोर जोर से दरवाजा पीटने लगे,जब उसने बाहर निकलकर विरोध किया तो उक्त सभी ने उसकी पिटाई कर दी इस दौरान बीच बचाव को आये भाई आरव को भी पिटाई कर दी चीख पुकार सुनकर आस-पास के लोगो को इकट्ठा होता देख आरोपी आशीष व उसके साथी जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से भाग निकले मोहनलालगंज थाना प्रभारी अमर सिंह ने बताया पीड़िता की तहरीर पर आरोपियो के विरूद्व मारपीट समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।

# बेखौफ चोरों ने तीन बंद मकानों को अपना निशाना बनाकर गहने और नगदी किया पार

**अमन लेखनी समाचार**



सरोजनीनगर, लखनऊ।बिजनौर इलाके में बीते दिनों बेखौफ चोरों ने तीन बंद मकानों को अपना निशाना बनाकर लाखों रुपए कीमत के गहने और हजारों रुपए की नगदी के साथ ही घरों में लगे सीसीटीवी के डीवीआर उठा ले गए।सभी पीड़ित परिवार सहित होली मनाने अपने मूल गांव गए थे। तभी चोरों ने घटना अंजाम दी। वापस लौटने के बाद जब पीड़ितों को जानकारी हुई तो उन्होंने सोमवार रात मामले की रिपोर्ट बिजनौर थाने में दर्ज कराई। बिजनौर के लक्ष्मी एनक्लेव, रॉयल सिटी निवासी नवीन अवस्थी राजधानी में बापू भवन के पास नॉर्दर्न रेलवे बैंक में नौकरी करते हैं। नवीन के मुताबिक वह बीती 13 मार्च को होली मनाने परिवार सहित अपने गृह जनपद रायबरेली के लालगंज गए थे। तभी चोरों ने कमरों की कुंडी तोड़कर अंदर रखी अलमारी और लाकर में रखे करीब 6 लाख रुपए कीमत के गहने व 40 हजार रुपये की नगदी के अलावा सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर चोरी कर ले गए।इसी तरह यहीं पास में रहने वाले मनीष कुमार राजधानी में एचडीएफसी बैंक में नौकरी करते हैं। वह 12 मार्च को परिवार सहित अपने गृह जनपद होली मनाने आगरा गए थे। 16 मार्च को वापस लौटे तो अलमारी का लॉकर टूटा होने के साथ उसमें रखे करीब 1 लाख रुपये कीमत के सोने के गहने के अलावा सीसीटीवी कैमरा मय चिप गायब मिला। इसके अलावा मोहल्ले में ही रहने वाले गौरव राजकुमार राजधानी के हुसैनगंज क्षेत्र स्थित एक कार्यालय में नौकरी करते हैं। वह 12 मार्च को अपने परिवार सहित घर में ताला बंद कर गृह जनपद सुल्तानपुर के लंभुआ गए थे। 16 मार्च की देर शाम वापस लौटे तो अंदर कमरे की कुंडी टूटी होने के साथ दो सोने की अंगूठी और सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर गायब मिला। काफी छानबीन के बाद पीड़ितों ने सोमवार रात मामले की रिपोर्ट बिजनौर थाने में दर्ज कराई। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के सहारे चोरों की तलाश में जुट गई।

# महिला के साथ दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज, आरोपी हिरासत में

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ। बीती रात एक गांव निवासी महिला से पड़ोसी युवक ने सोते समय उसके घर में दाखिल होकर जबरन दुष्कर्म कर गला दबाकर पीटा, और महिला को बेसुध अवस्था में छोड़कर भाग निकला। महिला को जब होश आया तो देखा कि उसके शरीर से रक्त बह रहा था जिससे वह काफी डरी सहमी थाने पहुंच कर तहरीर देकर युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

रहीमाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला से सोमवार रात करीब साढ़े 9 बजे पड़ोस के रहने वाले युवक शानू ने उसके घर में दाखिल होकर छोटी मासूम बेटियों के साथ सो रही महिला के मुंह में कपड़ा ठूंस कर दुष्कर्म कर गला दबाकर मारा पीटा, और महिला को बेसुध अवस्था में छोड़कर मौके से भाग निकला। महिला को जब होश आया तो देखा कि वह खून से लथपथ अवस्था में थी जिससे वह काफी डरी हुई थी। डरी सहमी महिला मंगलवार को थाने पहुंच कर युवक के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

इस संबंध में रहीमाबाद एसओ अनुभव सिंह ने बताया कि पीड़िता महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# रालोद राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे का गोंडा पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत

**अमन लेखनी समाचार**



**लखनऊ** । राष्ट्रीय लोकदल के नवनियुक्त राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे का आज अपने गृह जनपद गोण्डा में प्रथम आगमन पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं तथा शुभचिंतकों द्वारा जोरदार ऐतिहासिक स्वागत किया गया। श्री दुबे आज सुबह लखनऊ से जरवल रोड पहुंचे और जरवल से स्वागत का सिलसिला हुआ। जरवल रोड, करनैलगंज, बालपुर, गोण्डा सदर, अम्बेडकर चौराहा, चौपाल सागर सहित दर्जनों स्थानों पर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। पूरे गोण्डा में पार्टी के झंडे, बैनर और होर्डिंग्स उनके स्वागत से पटी हुयी थी।

सैकड़ों गाड़ियों के काफिले के आगे सैकड़ों मोटर साइकिल पर सवार नौजवान गगनभेदी नारे लगाते हुए चल रहे थे। श्री दुबे के स्वागत उमड़े जनसैलाब को देखकर गोण्डा के राजनीतिक पंडित अचंभित और आश्चर्यचकित थे। उनके स्वागत में लोगों ने दलीय सीमा को तोड़कर 5151 किलो की कई मालाओं से उन्हें लाद दिया। स्वागत के पश्चात सिंचाई विभाग के फील्ड हास्टल में पहुंचने पर श्री दुबे ने सर्वप्रथम भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया और उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं तथा समर्थकों से वार्ता की। इस अवसर पर सिंचाई विभाग डाक बंगले के फील्ड हास्टल में आयोजित प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुये श्री दुबे ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल, मध्य, पूर्वांचल और बुंदेलखंड में अपने खोये हुये जनाधार को वापस लाने के लिए भारत रत्न चौधरी चरण सिंह तथा चौधरी अजित सिंह के अनुयायियों और समर्थकों को जोड़ने का अभियान चला रहा है। आगामी विधानसभा चुनाव 2027 तक संगठन को चुस्त दुरुस्त करेगा। उन्होंने कहा कि रालोद जिला पंचायत चुनाव लड़ेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल किसानों के मान सम्मान और उनके हितों के लिए कोई समझौता नहीं करेगा । एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता श्री राहुल गांधी एवं सपा प्रमुख श्री अखिलेश तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के हिन्दी विरोधी रूख को अपना मत स्पष्ट करें कि तमिलनाडु में हिन्दी चाहते है या नहीं। स्वागत समारोह श्री दुबे के साथ प्रदेश सचिव अफसर अली के अतिरिक्त जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, प्रदेश महासचिव सूर्यनारायण सिंह, प्रदेश संजय पाठक मौजूद रहे। स्वागत कार्यक्रम में लाल बहादुर शास्त्री पी0जी0 कालेज छात्रसंघ के अध्यक्ष उमेश शुक्ला, डॉ0 संजय पाण्डेय, गोण्डा बार एसोसिएशन के पदाधिकारी अरुण शुक्ला, शिवपूजन शुक्ला, शिव यज्ञ पाण्डेय, अधिवक्ता रविन्द्र पाण्डेय ने मुख्य रूप से रहे।

# किशोरी से किया रेप, पड़ोसी युवक गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली किशोरी को पांच दिन पहले पड़ोसी युवक ने जबरन अपने घर के अंदर ले जाकर रेप किया था वही किशोरी को किसी से कुछ भी बताने पर जान से मारने की धमकी देते हुये चुप करा दिया था जिसके बाद डरी सहमी किशोरी ने अपने परिजनो को घटना के बारे में बताने की बजाय चुप्पी साध गयी थी लेकिन मगंलवार को किशोरी ने किसी तरह हिम्मत जुटाकर अपनी मां से आपबीती बताई? जिसके बाद पीड़ित बेटी संग मां ने मोहनलालगंज कोतवाली पहुंचकर पुलिस से लिखित शिकायत कर आरोपी पर कार्यवाही की मांग की? मामले को पुलिस ने संज्ञान लेकर आरोपी युवक पर रेप व पाक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपी युवक को गिरफ्तार किया। मोहनलालगंज के एक गांव निवासी महिला ने बताया उसकी 13वर्षीय बेटी 14मार्च को घर से कुछ दूर पर स्थित सरकारी नल पर पानी भरने गयी थी ओर पानी भरने के बाद वापस लौट रही थी तभी पड़ोसि युवक परमेश्वर उर्फ भऊवा उसे अकेला देखकर अपने घर के अंदर जबरन ले जाकर उसके साथ रेप करने के बाद किसी से कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी देने के बाद छोड़ा था.जिसके बाद डरी सहमी बेटी ने किसी से कुछ भी बताने की बजाय चुप्पी साध गयी थी मां ने बताया मगंलवार को बेटी ने हिम्मत जुटाकर आप बीती बताई तो उसके होश उड़ गये जिसके बाद पीड़ित बेटी संग कोतवाली पहुंचकर पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये आरोपी के विरूद्व कार्यवाही की मांग की। मोहनलालगंज थाना प्रभारी अमर सिंह ने बताया पीड़िता की मां द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर आरोपी युवक पर रेप व पाक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

## संक्षेप

### लड़की हुई लापता मां ने दर्ज कराया मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत लड़की को बहला फुसला कर भगा ले जाने पर माँ ने नामजद तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए कार्यवाही शुरू कर दी है।थाना बिहार क्षेत्र के एक गाँव से लड़की को बहला फुसला कर भगा ले जाने पर माँ ने थाने पर पहुँचकर न्याय की गुहार लगाई। माँ ने तहरीर देते हुए बताया कि उसकी लड़की को रविवार के दिन कुलदीप पुत्र रामचन्द्र निवासी पिपरी थाना असोहा जनपद उन्नाव बहला फुसला कर कही भगा ले गया है। काफी प्रयास के बाद भी उसकी लड़की को आने नही दिया जा रहा। थाना प्रभारी सुब्रत त्रिपाठी ने बताया तहरीर के आधार पर नामित युवक पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### पत्नी के वियोग में युवक ने निगला जहरीला पदार्थ

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। पत्नी को विदा कराने गए युवक के साथ ससुराल वालों ने मारपीट की जिससे आहत होकर युवक ने जहरीला पदार्थ निगल लिया परिजन युवक को सीएचसी लेकर आए जहां पर मौजूद डॉ ने गंभीर हालत देखते उसे जिला अस्पताल भेज दिया थाना फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के चंदिका खेड़ा निवासी खजानी 22 वर्ष अपनी पत्नी को विदा करने कोतवाली सफीपुर क्षेत्र के वजीर गंज गया था जहां पर किसी बात को लेकर ससुराल वालों ने युवक की पिटाई कर दी और पत्नी भी पति के साथ चलने को मना कर दिया जिससे आहत होकर युवक ने जहरीला पदार्थ निगल लिया हालत खराब देख परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां पर मौजूद डॉ ने प्राथमिक उपचार का बाद उसे जिला अस्पताल भेज दिया।

### मधु मक्खियों के हमले से किशोर घायल

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के फाजिलपुर के आम के बाग में दवा डाल रहे किशोर पर मधु मक्खियों ने हमला बोल दिया किसी प्रकार किशोर ने भाग कर अपनी जान बचाई किशोर को घायल अवस्था में सी एच सी में भर्ती कराया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत देखते हुए चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल भेज दिया

कोतवाली क्षेत्र के फाजिलपुर निवासी नसीर का 17 वर्षीय पुत्र वसिक गांव के राजकुमार के आम के बाग में दवा का छिड़काव कर रहा था तभी पेड़ पर लगी मधु मक्खियों ने उस हमला बोल दिया जिससे वो बुरी तरह घायल हो गया किशोर ने किसी प्रकार भाग कर अपनी जान बचाई परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर में भर्ती कराया जहां पर मौजूद डॉ ने प्राथमिक उपचार के बाद उसको जिला अस्पताल भेज दिया

# शहीद शशिकांत तिवारी की पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति में बन रहे स्मारक का भूमि पूजन सम्पन्न



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। नर सेवा नारायण सेवा उन्नाव के संस्थापक व भाजपा नेता विमल द्विवेदी की अगुवाई में नगर के शहीद शशिकांत तिवारी की स्मृति में सदर विधायक पंकज गुप्ता के निजी प्रयासों से पूरन नगर नई बस्ती बरवट मे बन रहे स्मारक का भूमि पूजन सदर विधायक पंकज गुप्ता की अनुपस्थिति में उनके सुपुत्र प्रखर गुप्ता द्वारा सम्पन्न कराया गया। बता दे कि इस अवसर पर वीर नारी अनिता तिवारी पुत्र देवांश तिवारी के अलावा सीआरपीएफ सूबेदार नंदलाल साहब, सीआरपीएफ कैप्टन फैयाज अहमद अंसारी व पूर्व सैनिक सहित आधा सैकड़ा आमजन भी उपस्थित रहे। विमल द्विवेदी ने उपस्थित सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया व कहा आप सैनिकों की वजह से ही हम लोग शांति से रह पाते है त्योहार मना पाते है, शहीद शशिकांत तिवारी जी का सर्वोच्च बलिदान लंबे समय तक देश और समाज को प्रेरणा देता रहेगा।

### फांसी के फंदे पर लटकता मिला अज्ञात युवक का शव

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के अलीपुर मजरा दलदलाह गांव के बाहर एक पेड़ में युवक का शव लटका देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी।पुलिस ने आसपास के लोगो से युवक की पहचान कराने की कोशिश की लेकिन पहचान नही हो सकी अल्लीपुर मजरा दलदलाह निवासी कैलाश पुत्र नारायण ने पुलिस को दी तहरीर देकर बताया कि वह सुबह 10 बजे गाव के बाहर खेत पर खड़ी सरसो की फसल देखने गया था तभी उसने देखा कि शीशम के पेड़ से रस्सी के फंदे से एक अज्ञात युवक का शव लटका है प्रभारी निरीक्षक श्यामनारायण सिंह ने बताया कि शव दो या तीन दिन पुराना लग रहा है आसपास गाव के लोग ने शव की पहचान करने की कोशिश की लेकिन पहचान नहीं हो पाई मृतक की उम्र लगभग 45 प्रतीत होती है युवक शरीर पर मात्र नीले रंग का हाफ लोवर व गहरे हरे रंग की बनियाइन पहने है पेड़ से लगभग 20 मीटर दूर चप्पल रखी मिली है खबर लिखे जाने तक मृतक युवक की पहचान नहीं हो सकी।

# रेसिपी प्रदर्शनी स्टाल का दीप प्रज्वलित कर किया गया शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के साथ बाल विकास परियोजना द्वारा आयोजित रेसिपी प्रदर्शनी स्टाल का दीप प्रज्वलित करके शुभारंभ किया साथ ही प्रदर्शनी और खाद्य सामग्री आदि का अवलोकन करके सराहना की।मालूम हो कि बाल विकास एवं महिला कल्याण विभाग की परियोजना सफीपुर द्वारा तहसील प्रांगण में रेसिपी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें शासन द्वारा बच्चो नौनिहालों शिशुओं सहित गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को जो परियोजना के माध्यम से पोषाहार आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है उसी पोषाहार से आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा कई प्रकार की पोषक रेसिपी मीठी और नमकीन में तैयार की गई जिसमें हलुआ लड्डू पकौड़ी आदि शामिल थे। इसके अलावा मोटे अनाज का अधिकाधिक प्रयोग करने के लिए मोटे अनाज की भी रेसिपी प्रदर्शनी में पेश की गई।जिलाधिकारी गौरांग राठी ने पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के साथ रेसिपी प्रदर्शनी का अवलोकन निरीक्षण किया और प्रत्येक का की खाकर स्वाद और टेस्ट भी लिया रेसिपी के बारे में विस्तार से जानकारी भी ली और सराहना भी की उन्होंने कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस मौके पर जिलाकार्यक्रमअधिकारी उपजिलाधिकारी नवीनचंद्र पुलिस उपाधीक्षक माया राय तहसीलदार रामशंकर नायब तहसीलदार आशुतोष उपाध्याय आदि ने भी रेसिपी का टेस्ट लेकर सराहना की इस अवसर पर परियोजना अधिकारी संध्या शर्मा सुपरवाइजर रचना अर्चनाआंगनवाड़ी कार्यकत्री किरण सिंह सियाललली देवी उषा नीरज प्रेमलता हंसा देवी सुमन गौतम रंजना तिवारी गायत्री विमला आदि सहित सभी सुपरवाइजर मौजूद रही।

# अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में बाइक सवार मां-बेटे समेत तीन घायल

अमन लेखनी समाचार




बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक सड़क हादसा हुआ। लखनऊ मार्ग पर मऊ गांव के सामने एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बाइक पर सवार जमादार पुरवा गांव के 18 वर्षीय सौरभ और उनकी 40 वर्षीय मां आशा घायल हो गए। सौरभ अपनी मां को लेकर किसी काम से बांगरमऊ जा रहा था। मंगलवार दोपहर दो बजे हुए इस हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने घायल मां-बेटे को तुरंत नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बांगरमऊ में भर्ती कराया। वर्तमान में दोनों का उपचार जारी है।वही दूसरी घटना बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के संडीला मार्ग स्थित गोस्वा नहर के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल युवक की पहचान अटवाबैक गांव निवासी 25 वर्षीय अनुज के रूप में हुई है। वह मंगलवार शाम तीन बजे बांगरमऊ से अपने घर लौट रहा था।इसी दौरान विपरीत दिशा से आए एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।राहगीरों ने तुरंत 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। घायल अनुज को पहले सीएचसी बांगरमऊ ले जाया गया। चिकित्सकों ने उसकी हालत चिंताजनक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# शक्तिपीठ मां चंद्रिका देवी मंदिर के तट पर गंगा स्नान को लेकर हुई मारपीट

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। पतित पावनी गंगा मां में बच्चे के स्नान को लेकर बच्चे के पिता को लाठी डंडों से पीटा तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कियो

बारा सगवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत चौकी बक्सर में प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां चंद्रिका देवी का मंदिर बना हुआ है गंगा के तट पर बने मंदिर से सटी सीढ़ियां बनी है प्रतिदिन हजारों की संख्या में स्नान कर मंदिर में दर्शन करते हैं कुलदीप सैनी पुत्र सुरेश चन्द्र सैनी निवासी ग्राम- मौहार थाना- कल्यानपुर जनपद फतेहपुर अपने पुत्र युवराज उम्र 6 वर्ष को अपने साथ लेकर मां चन्द्रिका धाम बक्सर दर्शन व स्नान करने आये बच्चे को स्नान करने को लेकर नकुल सिंह पुत्र भीम सिंह तोमर (तोदे) निवासी ग्राम तनगापुर थाना बारा- सगवर मां बहन की गंदी-गंदी गालियां दी विरोध करने पर अपने साथी शिवा सिंह पुत्र बचनू सिंह भदौरिया, हर्ष सिंह पुत्र अभय सिंह, रानू सिंह पुत्र बच- सिंह निवासी गण तनगापुर थाना बारा सगवर उन्नाव उक्त चारो लोगों ने एक साथ मुझ मारने पीटने लगें मैं जोर-जोर से चिल्लाने लगा तो वहां पर उपस्थित लोग मुझे बचाये मेरे सिर में काफी चोटें आयी एवं उक्त चारो लोगों द्वारा जान माल की धमकी देकर चले गये तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

# बाला जी महराज की निकाली गई विशाल शोभायात्रा




अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर में आज बुढ़वा मंगल के दिन बजरंग बली भक्तों द्वारा श्री बाला जी महाराज की परंपरागत विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा लखनऊ रोड पर रेलवे क्रासिंग के निकट स्थित माता बाला देवी मंदिर से प्रारम्भ होकर नगर भ्रमण करते हुए नौनिहाल गंज बाजार स्थित बड़े हनुमान मंदिर में समाप्त हुई। जहां भक्तों द्वारा सामूहिक आरती की गई।शोभा यात्रा के भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं ने जगह जगह श्री बाला जी महराज का पूजन कर प्रसाद वितरित किया।शोभा यात्रा में नगर एवं क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने शामिल होकर जमकर अबीर गुलाल उड़ाया। जबकि युवा भक्तों ने भ्रमण के दौरान आम नागरिकों के माथे पर अबीर का टीका लगाया। शोभा यात्रा में भाजयुमों जिलाध्यक्ष बाला राव गुप्ता, ऋषभ गुप्ता, अवधेश गुप्ता, शोभित सविता, रिंकू, सचिन, बंटू, दीपक, प्रांकुर वर्मा, , सुधीर, अमन शर्मा, विमला, पूजा, कल्पना, रामादेवी सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल रहे।

# मुकदमा वापस न लेने पर युवक ने ससुरलीजनो के साथ की मारपीट

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत विवाहिता को मुकदमा वापस न लेने पर पति व उसके साथी ने ससुराल आकर पत्नी व माँ को लाठी डंडों से पीट दिया। पत्नी की तहरीर पर थाना बिहार पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना क्षेत्र के पकराखुर्द भदिहा निवासिनी दिव्या पुत्री स्व० अवधेश तिवारी ने तहरीर देते हुए बताया कि उसकी शादी कमल द्विवेदी पुत्र रामकिशोर द्विवेदी ग्राम कुम्भी अकबरपुर थाना बारासगवर उन्नाव के साथ ता0 25 अप्रैल 2024 को हुई थी। जब से शादी हुई मेरा पति कमल द्विवेदी मेरी सास रेनू पत्नी रामकिशोर द्विवेदी व देवर अतुल पुत्र रामकिशोर ?द्विवेदी आये दिन प्रताड़ित करते चले आ रहे थे। कई बार मारा पीटा था जिसका न्यायालय में मुकदमा भी चल रहा है। रविवार को सायं 5 बजे कमल द्विवेदी मेरा पति शराब के नशे में आया व रामकुमार का लड़का करन त्रिपाठी डण्डा लेकर एकाएक डण्डा मेरी माँ सुधा तिवारी को मारने लगा मैं बचाने दौड़ी इतने में मुझको भी मारने लगा डण्डा मारने से मेरे बाँयें हाथ में गम्भीर चोट आयी और सर पर गम्भीर चोटें और अन्दरुनी चोटे आयी मेरी माँ के गम्भीर चोटे आयी हैं कहने लगा कि अगर मुकदमा वापस नहीं लोगे तो उसका इन्जाम भुगतना पड़ेगा। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। थाना प्रभारी सुब्रत त्रिपाठी ने बताया तहरीर व जांच के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# दो बाइकों की टक्कर में किशोर की मौत, 4 घायल

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। उन्नाव-हरदोई मार्ग पर भदनी गांव के पास मंगलवार सुबह एक सड़क हादसा हुआ। दो तेज रफ्तार बाइकों की आमने-सामने टक्कर में 14 वर्षीय पुनीत यादव की मौके पर मौत हो गई। चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार सड़क पर गिरकर दूर तक घिसटते चले गए। पुनीत अपने रिश्तेदार के यहां जा रहा था। दुर्घटना में विवेक यादव, शिवांश यादव समेत दो अन्य लोग घायल हुए। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी और घायलों को अस्पताल भिजवाया। घायलों को पहले उन्नाव जिला अस्पताल ले जाया गया। दो की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें कानपुर रेफर किया गया। माखी थाना पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि दुर्घटना तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण हुई। दोनों बाइक चालक बिना हेलमेट के थे। माखी थाना पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि दुर्घटना तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण हुई। दोनों बाइक चालक बिना हेलमेट के थे। पुनीत की मौत की खबर से उसके घर में कोहराम मच गया। परिवार के लोग शव से लिपटकर रोने लगे। गांव में इस हादसे की चर्चा रही और लोग सड़क सुरक्षा को लेकर चिंतित दिखे।

# होली पर रंग लगाने को लेकर दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे, कई घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के भटपुरवा गांव के मजरा सिरधरपुर में होली के दिन रंग लगाने को लेकर हुआ विवाद हिसंक हो गया. मंगलवार शाम को दोनों पक्षों में लाठी डंडे और रॉड से मारपीट हुई. इस घटना में एक पक्ष के रामसिंह ,महादेव, श्रीकृष्ण ,और नरेंद्र समेत दूसरे पक्छ का एक व्यक्ति घायल हुआ है। होली खेलने के दौरान रंग लगाने को लेकर दोनों पक्षों में बहस शुरू हुई. विवाद बढ़ने पर गाली गलौज होने लगी. एक पक्ष के लोग लाठी डंडे और लोहे की रॉड लेकर दूसरे पक्ष के घर पर पहुंच गए. हमलावरों ने घर में तोड़फोड़ की और वहां मौजूद लोगों को पीटा. आसपास के ग्रामीणों ने बीच बचाव की कोशिश की सूचना मिलते ही बांगरमऊ कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया. पुलिस ने प्राथमिक जांच में पाया कि पहले मामूली विवाद था जो बाद में हिंसक हो गया।सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।चिकित्सकों के अनुसार कुछ घायलों की हालत चिंताजनक है।जिन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है।यह घटना मंगलवार शाम सात बजे की है।

# किशोरी को भगा ले जाने का युवक पर पिता ने लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर अंतर्गत पिता ने अपनी नाबालिक पुत्री को भगा ले जाने का आरोप शादी शुदा युवक पर लगाते हुए नामजद तहरीर दी जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।थाना क्षेत्र के एक गाँव से पिता ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसकी नाबालिक पुत्री गुरुवार शाम नित्यक्रिया हेतु गयी थी। उसी समय नीरज पुत्र राम स्वरूप जाति कोरी निग्राम कुम्भी थाना बारा सगवर ने पुत्री को षड्यंत्र करके भगा दिया है। नीरज मेरे घर लगभग 08 महीने से आता जाता है। जब मेरी पुत्री रात को घर नहीं आयी तब अगले दिन मैं नीरज के घर पंहुचा। नीरज घर पर मौजूद नहीं मिला उसकी पत्नी ने बताया कहीं गये है। जब मैंने नीरज से फोन पर बात की वह मेरे घर आया व बाइक से मेरे साथ जंगल की तरफ लेकर गया और वहां से वापस आते समय देवा खेडा का प्राइमरी स्कूल के 500 मीटर पर घनई खेडा जाती हुयी रोड पर रोका और कहा कोई कानूनी कार्यवाही ना करों आपकी पुत्री कही रिश्तेदारी में गयी होगी आ जायेगी। उक्त नीरज इसके पहले अपनी एक पत्नी को छोड़ चुका है और दूसरी पत्नी को भी कोर्ट मैरिज कर के लाया है। दिनांक 15.03.2025 से उक्त नीरज के घर पर पता किया तो पता लगा कि अहमदाबाद चला गया हैं तब से वह गायब चल रहा है। थाना प्रभारी धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया नामित युवक पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

### अमेठी में कलश यात्रा से यातायात व्यवस्था बिगड़ी

अमन लेखनी समाचार

अमेठी में गायत्री परिवार की कलश यात्रा ने मंगलवार को शहर की यातायात व्यवस्था को अस्त-व्यस्त कर दिया। देवी पाटन मंदिर से शुरू हुई यात्रा जब शहर में पहुंची, तो गांधी चौक से राजर्षि तिराहा और अंबेडकर चौराहे तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। यातायात पुलिस ने कोई रूट डायवर्जन नहीं किया। इससे शहर के प्रमुख मार्गों पर जाम की स्थिति बन गई। जाम में एंबुलेंस, यात्री बसें और स्कूली वाहन फंस गए। मरीजों, विद्यार्थियों और यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।प्रतापगढ़ के रहने वाले राजू ने कहा कि बाईपास पर वाहनों को डायवर्ट किया जा सकता था। स्थानीय निवासी अनिल ने बताया कि प्रशासन ने पहले से कोई योजना नहीं बनाई। इस कारण लोगों को दो घंटे तक जाम में फंसे रहना पड़ा। सीओ ट्रैफिक मनोज कुमार मिश्र का कहना है कि सभी मार्गों पर पुलिस तैनात थी। कलश यात्रा के आगे बढ़ते ही आवागमन सुचारू कर दिया गया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला महिला का शव



अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र पिलखना रसीदपुर गांव में दोपहर महिला का शव आंगन के जाल में साड़ी के फंदे से लटका देख परिजनों ने मायके पक्ष सहित पुलिस को सूचना दी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।कोतवाली क्षेत्र के पिलखना रसीद पुर गांव निवासी संदीप यादव की पत्नी कांति यादव 30 वर्ष ने मंगलवार को दोपहर 12 बजे आंगन के जाल में साड़ी के फंदे से शव लटकता देख खेत से लौट कर आए परिजनों ने माईके पक्ष सहित पुलिस को सूचना दी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक का मायका काकोरी थाना क्षेत्र के ईट गांव पुरैना का है, 8 वर्ष पहले पिता शिवलाल ने बेटी की शादी पिलखना रसीदपुर गांव में की थी।मृतका के एक लड़का व एक लड़की है बड़ा लड़का छ वर्ष, छोटी तीन वर्ष की लड़की है।कोतवाली प्रभारी संदीप शुक्ला ने बताया कि मृतका के पिता शिव लाल की तहरीर पर शव को पीएम के लिए भेजा गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी

# व्यापारी बोले-बहादुरगंज के पुराने बरगद-इमली पेड़ को न काटा जाए

## शाहजहांपुर के नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन, पेड़ न काटने का दिया आश्वासन

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, बहादुरगंज बाजार में स्थित दो पुराने वृक्षों को बचाने के लिए व्यापारियों ने आवाज उठाई है। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने नगर आयुक्त से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। बाजार में मौजूद बरगद और इमली के पुराने वृक्ष स्थानीय महत्व रखते हैं। बरगद के पेड़ पर तीज-त्योहार के अवसर पर पूजा की जाती है। इमली का घना वृक्ष बाजार में आने वाले ग्राहकों को छाया प्रदान करता है। व्यापारियों का कहना है कि नगर निगम ने कई स्थानों पर पेड़ों की कटाई कर दी है। यह कार्रवाई पूर्व वार्ता के विपरीत की गई। आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए इन वृक्षों का संरक्षण आवश्यक है। नगर निगम शहर के सौंदर्यीकरण के लिए नई पहल कर रहा है। इसी क्रम में बहादुरगंज में वृक्षों की कटाई और छंटाई का प्रस्ताव था। हालांकि, व्यापारियों के विरोध को देखते हुए नगर आयुक्त ने आश्वासन दिया है कि वृक्षों को नहीं काटा जाएगा। केवल आवश्यक छंटाई की जाएगी। व्यापार संगठन ने इस निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि उनका संगठन हमेशा जिला और नगर निगम प्रशासन का सहयोग करता रहा है।

**बलूचिस्तान ट्रेन हाईजैक की घटना ने पाकिस्तान के अंतर्कलह को विश्व स्तर पर उजागर कर दिया है। अब यह सवाल उठने लगा है कि क्या पाकिस्तान एक रह पाएगा? क्या पाकिस्तान टूट जाएगा? क्या बलूचिस्तान अलग हो जाएगा या क्या पाक बलूचिस्तान को अपने साथ जोड़ कर रख पाएगा? पाकिस्तान बलूचिस्तान में बलूच स्वतंत्रता सेनानियों के खिलाफ नेशनल एक्शन प्लान (एनएपी या नैप) पार्ट-2 चलाने वाला है,जिसके तहत बलूचिस्तान में बहुत बड़ा सैन्य अभियान चलाया जा सकता है। पाकिस्तानी मीडिया में नैप पार्ट-2 के तहत सभी विदेशी अफगान नागरिकों को हटाने के लिए ऑल ऑउट ऑपरेशन चलाने को लेकर चर्चा हो रही है। पाक हुक्मरान ने पहला नेशनल एक्शन प्लान 2014 में पेशावर सैनिक स्कूल पर हुए हमले के बाद चलाया था। बलूचिस्तान में एक बार फिर से पाकिस्तान फौज नरसंहार की तरफ बढ़ सकती है, जैसा पहले भी वो कर चुकी है। पाकिस्तान में ट्रेन हाइजैक के पीछे विदेशी मदद के आरोप भारत पर लगाया जा रहा है, जिसे भारत सरकार ने सिरे से खारिज कर दिया है। यह पाकिस्तान में अक्सर देखने को मिलता है, जिसमें हर प्रॉब्लेम के लिए भारत पर आरोप मढ़े जाते हैं। पाकिस्तान को बलूच समस्या के कारणों का हल करना चाहिए। पाकिस्तान के आंतरिक हालात का विश्लेषण करता आजकल का यह अंक...**

# पाक में बलूच बगावत का नया दौर



ट्रेन हाइजैक

प्रभात कुमार राय

विदेश मामलों के जानकार

**पाकिस्तान हुकूमत के प्रवक्ता ने बयान जारी किया कि पाक में अंजाम दिए जाने वाले प्रत्येक दहशतगर्द आक्रमण की पृष्ठभूमि में भारत का सक्रिय हाथ हुआ करता है और जाफर एक्सप्रेस को अगवा करने की आतंकी वारदात के पीछे भी भारत की साज़िश है। पाक प्रवक्ता का कहना है कि भारत के साथ मिलकर अफगान सरगनाओं का भी इस वारदात को अंजाम देने में सक्रिय किरदार रहा है। पाक हुकूमत द्वारा आयद किए गए बेबुनियाद इल्जामों का भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता द्वारा वाजिब प्रति उत्तर दे भी दिया गया। भारत सरकार के प्रवक्ता ने फरमाया कि समस्त विश्व बखूबी जानता है कि पाकिस्तान वैश्विक जिहादी आतंकवादियों की सबसे बड़ी पनाहगाह रहा है।**

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में सशस्त्र बगावत यूं तो तकरीबन सत्तर वर्ष पुरानी हो चुकी है और किसी न किसी तौर पर सन् 1948 से निरंतर जारी रही है। किंतु अब तो ऐसा प्रतीत हो रहा है कि बलूच बगावत का एक नया दौर प्रारंभ हो चुका है, क्योंकि जिस बड़े स्तर पर बलूच विद्रोहियों ने गुरिल्ला हमले अंजाम दिए हैं, उससे पाक हुकूमत और उसकी फौज थर्रा उठी है। पाकिस्तान के प्रांत बलूचिस्तान के शहर क्वेटा से पेशावर के मार्ग पर दौड़ रही जाफर एक्सप्रेस ट्रेन के ट्रैक को बलूच बागियों द्वारा उड़ा दिया गया। ट्रेन पर घात लगाकर बलूच बागियों द्वारा तकरीबन 300 से अधिक नागरिकों और सैनिकों को जाफर एक्सप्रेस से अगवा कर लिया गया। पाक फौज द्वारा सैन्य ऑपरेशन में कुछ नागरिकों और अपने सैनिकों को बलूच विद्रोहियों की पकड़ से मुक्त करा लिया गया। विश्वसनीय सूत्रों के मुताबिक अभी तकरीबन सौ से अधिक सैनिक बलूच लिबरेशन आर्मी की पकड़ में विद्यमान हैं। अपनी पुरानी रिवायती फितरत के मुताबिक पाकिस्तान हुकूमत के प्रवक्ता ने बयान जारी कर दिया कि पाकिस्तान में अंजाम दिए जाने वाले प्रत्येक दहशतगर्द आक्रमण की पृष्ठभूमि में भारत का सक्रिय हाथ हुआ करता है और जाफर एक्सप्रेस को अगवा करने की आतंकी वारदात के पीछे भी भारत की साज़िश मौजूद है।

पाक प्रवक्ता का कहना है कि भारत के साथ मिलकर अफगान सरगनाओं का भी इस वारदात को अंजाम देने में सक्रिय किरदार रहा है। पाक हुकूमत द्वारा आयद किए गए बेबुनियाद इल्जामों का भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता द्वारा वाजिब प्रति उत्तर दे भी दिया गया। भारत सरकार के प्रवक्ता ने फरमाया कि समस्त विश्व बखूबी जानता है कि पाकिस्तान वैश्विक जिहादी आतंकवादियों की सबसे बड़ी पनाहगाह रहा है। अपने नृशंस गुनाहों के लिए किसी दूसरे मुल्क पर बेबुनियाद इल्जाम आयद करने से पहले पाकिस्तान को अपने भीतर भी झांक लेना चाहिए।

## अजीत डोभाल के बयान का हवाला

पाकिस्तान को अपने आंतरिक विद्रोह की वारदातों का ठीकरा दूसरे मुल्कों पर नहीं फोड़ना चाहिए। उल्लेखनीय है कि जाफर एक्सप्रेस पर हमला अंजाम देने की जिम्मेदारी बलूच लिबरेशन आर्मी द्वारा बाकायदा ले ली गई है। पाकिस्तान के हुकूमत परस्त राजनीतिक विश्लेषक आजकल अजीत डोभाल के उस बयान का निरंतर हवाला दे रहे हैं, जो कि बलूचिस्तान को लेकर उन्होंने सन् 2014 में दिया था। अजीत डोभाल ने अपने बयान में फरमाया था कि पाकिस्तान भारत पर आतंकवादी हमले तो अंजाम दे सकता है, किंतु भारत के प्रतिशोध में आखिरकार पाकिस्तान द्वारा बलूचिस्तान को गंवाया जा सकता है। 15 अगस्त को लाल किले से अपने



संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बलूचिस्तान का बाकायदा उल्लेख किया था। नरेंद्र मोदी ने बलूचों के ऊपर अंजाम दिए जा रहे पाकिस्तानी फौज के जुल्मों सितम का प्रश्न भी प्रबलता से उठाया था। उल्लेखनीय है कि पाक फौज द्वारा तकरीबन एक लाख से अधिक बलूचों का कत्ल ओ गारद अंजाम दिया जा चुका है और एक लाख बलूच नागरिक लापता हैं, जिनके विषय में अनुमान है कि उनको भी पाक फौज ने अगवा करके बंदी बना लिया अथवा हलाक कर दिया है। यूं तो बलूचिस्तान में पाकिस्तानी फौज द्वारा अंजाम दिए जा रहे जा रहे नृशंस जुल्मों सितम की सारी दुनिया में ही निरंतर निंदा की जाती रही है। बलूचों के प्रति प्रकट की गई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हार्दिक संवेदनाओं के प्रति उत्तर में बलूच लीडर ब्रह्मदग बुगती ने नरेंद्र मोदी को हार्दिक धन्यवाद अदा किया था।

## बलूच विद्रोहियों की मदद का इल्जाम

नरेंद्र मोदी द्वारा बलूचिस्तान का उल्लेख करने पर पाक हुक्मरान एकदम बौखला उठे थे। पाकिस्तान के हुक्मरान भारतीय हुकूमत पर खुफिया एजेंसी रॉ के माध्यम से बलूच विद्रोहियों की सक्रिय इमदाद करने का इल्जाम आयद करते रहे हैं। अमेरिकी सीनेट में अमेरिकन सांसदों द्वारा एक प्रस्ताव पेश किया गया था। इस प्रस्ताव में पाकिस्तान की फौज के जुल्मों सितम का विस्तार पूर्वक उल्लेख करने के साथ ही साथ बलूचिस्तान को आत्मनिर्णय का अधिकार प्रदान करने की जबरदस्त पैरवी की गई थी। ह्यूमन राइट वॉच और एमनेस्टी इंटरनेशनल द्वारा अमेरिका कांग्रेस के समक्ष पाक हुकूमत पर यह इल्जाम आयद किया गया था कि विद्रोही प्रांत बलूचिस्तान में दमनकारी नीतियां अख्तियार करके निरंतर नृशंस तौर पर सैन्य बल प्रयोग कर रहा है। 12 मार्च मंगलवार को बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) द्वारा जाफर एक्सप्रेस पर अंजाम दिए गए आक्रमण के विषय में पाकिस्तानी फौज के प्रवक्ता का कहना है कि ट्रेन को अगवा करने वाले सारे बलूच विद्रोही मार दिए गए हैं और 300 से ज्यादा लोगों को उनके कब्जे से आजाद करा लिया गया है, जबकि बलूच लिबरेशन आर्मी के प्रवक्ता ने दावा किया है कि अभी भी पाकिस्तान सेना के 194 सैनिक उनके बंधक हैं। इस संगीन वारदात की वास्तविक सच्चाई कुछ भी हो सकती है, लेकिन यह तथ्य एकदम स्पष्ट है कि विगत 19 वर्षों से जब से सन 2006 में बलूच लीडर नवाब अकबर खान बुगती की हत्या पाक फौज द्वारा अंजाम दी गई है, तभी से बलूच विद्रोह मंथर और तीव्र गति से निरंतर जारी रहा है। बलूचिस्तान का दुर्गम बोलान इलाका बलूच विद्रोहियों का केंद्र रहा है। बलूचिस्तान में ग्वादर बंदरगाह का निर्माण कर रहे चीन के इंजीनियरों के काफिलों पर अनेक दफा बलूच विद्रोहियों ने घात लगाकर आक्रमण अंजाम दिए हैं।

## चीन की गतिविधियों का विरोध

बलूच लिबरेशन आर्मी वस्तुतः बलूचिस्तान में चीन की गतिविधियों की निरंतर सशस्त्र मुख़ालिफ़त करती रही है। ग्वादर बंदरगाह के निर्माण में तकरीबन एक लाख चीनी कार्यरत हैं। बलूचों को चीन द्वारा निवेश किए गए 62 मिलियन डॉलर के इस विराट निर्माण कार्य में कदाचित शामिल नहीं किया जाता है। इस प्रोजेक्ट में चीनी श्रमिकों के अतिरिक्त केवल पाकिस्तान के पंजाबियों का बोलबाला है। पाकिस्तान के प्रांत बलूचिस्तान की सरजमीं में अपार खनिज संपदा विद्यमान रही है, किंतु बलूच नागरिक बेहद गरीब हैं और उनकी औसत प्रतिदिन आमदनी 100 रुपये भी नहीं है। बलूचिस्तान का क्षेत्रफल वस्तुतः पाकिस्तान के कुल क्षेत्रफल का तकरीबन आधा है।

बलूच कबीलों की आबादी पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान में फैली हुई है। ऐतिहासिक तौर पर बलूचिस्तान और पाकिस्तान के मध्य कभी भी सामान्य रिश्ते कायम नहीं रहे। बलूच सरदार कलात खान और बलूचिस्तान स्टेट खुद को स्वतंत्र और खुद मुख्तार कायम बनाए रखने का प्रबल पक्षधर रहा था। उल्लेखनीय है कि ब्रिटिश राज के दौर में भी नेपाल और भूटान की तरह बलूचिस्तान को भी स्वायत्तता और आजादी हासिल रही थी। सन् 1947 में भारत के विभाजन के तत्पश्चात निर्मित हुए पाकिस्तान के सर्वोच्च लीडर मोहम्मद अली जिन्ना ने आरंभ में स्वतंत्र बलूचिस्तान स्टेट के अस्तित्व को बाकायदा स्वीकार कर लिया था, किंतु अगले ही वर्ष सन् 1948 में बलूचिस्तान को मोहम्मद अली जिन्ना ने अपनी फौजी ताकत द्वारा जबरन पाकिस्तान में शामिल कर लिया। पाकिस्तान हुकूमत द्वारा अंजाम दिए गए इस जबरन संविलय को कलात शासक मीर खान और बलूचों ने कदाचित स्वीकार नहीं किया था। जबरन विलय के विरुद्ध बलूचों ने सन् 1948 से लेकर सन् 1957 तक पाक फौज के विरुद्ध निरंतर सशस्त्र संग्राम किया था। बलूचों के दस वर्षीय सशस्त्र संग्राम का नेतृत्व नौरोज खान नामक एक क्रांतिकारी गोरिल्ला लीडर द्वारा किया गया था।

## बलूचों की तकरीबन दो करोड़ आबादी

आखिरकार पाक फौज द्वारा अमेरिका और फ्रांस से हासिल किए गए लड़ाकू विमानों द्वारा बलूचिस्तान पर बर्बर तौर पर कारपेट बमबारी अंजाम दी गई। तब कहीं जाकर कलात खान और नौरोज खान के नेतृत्व में विद्रोही बलूचों ने सन् 1957 में पाकिस्तानी फौज के सामने आत्मसमर्पण किया। पाकिस्तान में बलूचों की आबादी तकरीबन एक करोड़ है। कुल मिलाकर बलूचों की आबादी तकरीबन दो करोड़ है, जोकि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान में फैली हुई है बलूचिस्तान में बलूचों के मुख्यतः दो धड़े विद्यमान हैं। बलूचों का एक धड़ा बलूच ज़ुबान बोलता है तो दूसरा धड़ा ब्राहू भाषा बोलता है जो कि एक द्रविड़ भाषा है। बलूचिस्तान का बड़ा हिस्सा एक सर्द रेगिस्तान है, जो ईरानी पठार के पूर्वी छोर पर स्थित है। यही वह इलाका है जहां पर तेल और प्राकृतिक गैस के अकूत भंडार विद्यमान हैं।

बलूचिस्तान के सुई इलाके से समस्त पाकिस्तान को प्राकृतिक गैस की सप्लाई की जाती रही है। सन 1971 में बांग्लादेश के निर्माण के पश्चात बलूचों के अंदर भी फिर से एक नई उम्मीद और एक नया उत्साह उत्पन्न हुआ था। सन् 1973 में पाकिस्तान के जबरन आधिपत्य के विरुद्ध बलूचों ने फिर से हथियार उठा लिए थे। सन् 1973 में बलूच विद्रोहियों का नेतृत्व बलूचिस्तान के मार्क्सवादियों के हाथों में था। मार्क्सवादी बलूच पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट के तकरीबन दस हजार मार्क्सवादी बलूच छापामारों ने पाकिस्तान की 10 डिवीजन फौज के छक्के छुड़ा दिए थे। अमेरिका द्वारा प्रदान किए गए फाइटर जेट्स द्वारा बलूचिस्तान पर नापाक बमों से भयानक बमबारी अंजाम दी गई और बलूचों की बगावत को नृशंसतापूर्वक कुचल दिया गया। बलूच गोरिल्लाओं और पाक फौज के मध्य संघर्ष में हजारों बलूच नागरिक हलाक हो गए थे। पांच हजार से अधिक मार्क्सवादी बलूच विद्रोही और तीन हजार से अधिक पाक सैनिक सन् 1973 से सन् 1975 तक जारी रहे गृहयुद्ध में हताहत हो गए थे। उस वक्त भी पाक हुकूमत ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर इल्जाम आयद किया था कि उन्होंने बलूचिस्तान को पाकिस्तान से पृथक करने के लिए अपनी खुफिया एजेंसी रॉ का बाकायदा इस्तेमाल किया था।

## पाक के सैन्य आधिपत्य से आजादी की ललक

कह सकते हैं कि समस्त नृशंस सैन्य जुल्मों सितम और दमन के बावजूद बलूचों में पाकिस्तान के सैन्य आधिपत्य से आजादी हासिल कर लेने की आकांक्षा और ललक कभी भी खत्म नहीं हुई। सन् 2000 में नवाब अकबर खान बुगती के नेतृत्व में एक बार फिर से बलूच विद्रोहियों ने हथियार उठा लिए। सन् 2006 में बलूच लीडर अकबर खान बुगती की पाक फौज द्वारा हत्या कर दी गई। इसके बाद उनके बेटे ब्रह्मदग बुगती ने बलूच विद्रोहियों का नेतृत्व संभाल लिया है। पाक हुकूमत की गुलामी से पूर्णतः मुक्त होकर ही बलूच अब दम लेंगे। ट्रेन हाइजैक इसी दिशा में बलूचों का एक प्रयास है।

# दूसरा बांग्लादेश बनने की राह पर बलूच



बलूचिस्तान

सुनील अमर

वरिष्ठ पत्रकार

पाकिस्तान की आजादी के समय से ही वहां चल रहा बलूचिस्तान प्रान्त का अलगाववादी आन्दोलन अपने इतिहास के सबसे खूंखार दौर में पहुंच गया लगता है। गत सप्ताह वहां हुए जाफर एक्सप्रेस ट्रेन अपहरण कांड तथा उसके जवाब में हुए सैन्य ऑपरेशन में सैकड़ों लोग मारे गये बताये जा रहे हैं, जिसमें सेना के जवान और नागरिक शामिल थे। अपने देश के सबसे बड़े प्रान्त के साथ किए जा रहे सौतले और उपेक्षित व्यवहार के चलते पाकिस्तान में यह होना ही था। बलूचिस्तान का यह रक्तरंजित कांड किन्हीं मामलों में उस वक्त के पूर्वी पाकिस्तान (आज के बांग्लादेश) जैसा ही लगता है जहां अपने ही क्रूर शासकों के अत्याचार से आजिज आकर जनता ने विद्रोह कर दिया था और एक लम्बे रक्तरंजित आन्दोलन के बाद बांग्लादेश अस्तित्व में आया था। उसी राह पर बलूचिस्तान भी चल रहा है।


ध्यान रहे कि इसी के साथ वहां सिन्ध, खैबर पख्तूनख्वा तथा गिलगित बाल्टिस्तान प्रान्तों में भी लम्बे अरसे से अलगाववादी आन्दोलन चल रहे हैं। जिसे हम बलूचिस्तान कहते हैं उसका कुछ हिस्सा पड़ोसी देश ईरान व अफगानिस्तान में भी है। ईरान का सिस्तान प्रान्त तथा अफगानिस्तान का निमरुज, हेलमन्द और कान्धार का इलाका भी बलूचिस्तान ही है। इसकी भौगोलिक स्थिति और महत्व इसको पाकिस्तान के लिए जीवन-मरण का प्रश्न बनाता है क्योंकि यह न सिर्फ पाकिस्तान के लिए दुधारु गाय की तरह है बल्कि यही दक्षिण और मध्य एशिया तथा मध्य पूर्व के लिए उसका सम्पर्क मार्ग भी है।

## सामरिक व व्यापारिक महत्व

इसके सामरिक व व्यापारिक महत्व का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि यहां ग्वादर बन्दरगाह है जिसे चीन अपने संसाधनों से चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरीडोर योजना के तहत विकसित कर रहा है। पाकिस्तान का यह इलाका प्राकृतिक सम्पदाओं यथा- कोयला, गैस, सोना, तांबा तथा खनिज से भरपूर है। यहां चागल जिले में स्थित रेको दिक खदान दुनिया की बड़ी सोने और तांबे की खदानों में गिनी जाती है। यहां के डेरा बुगती इलाके में प्राकृतिक गैस का विशाल भंडार है। बावजूद इन सबके, विकास और बुनियादी सुविधाओं के नाम पर यह पाकिस्तान का सबसे पिछड़ा या यूं कहें कि उपेक्षित इलाका है और यही यहां के निवासियों में विद्रोह पनपने का कारण भी है। बता दें कि पाकिस्तान की जीडीपी का 57 प्रतिशत अकेले पंजाब प्रान्त से आता है तो बलूचिस्तान से सिर्फ 05 प्रतिशत! पंजाब और सिन्ध जैसे प्रान्तों में 30 और 25 विश्वविद्यालय हैं तो बलूचिस्तान में सिर्फ 06 और यही वजह है कि पंजाब में साक्षरता दर 66 प्रतिशत है, सिन्ध में 63 और खैबरपख्तूनख्वा में 55 प्रतिशत तो बलूचिस्तान में महज 44 प्रतिशत।

## बलूचिस्तान में बदहाल व्यवस्था

गरीबी का आलम यह है कि यहां 70 प्रतिशत बच्चे स्कूल छोड़कर चले जाते हैं। यहां की राजधानी क्वेटा में भी पेयजल की भारी किल्लत रहती है। स्वास्थ्य आदि की बदहाल व्यवस्था का अनुमान लगाया जा सकता है। लोकतन्त्र के नाम पर सैन्य




तानाशाही ही पाकिस्तान की फितरत है। वही बलूचिस्तान के साथ भी शुरू से होता आया है। असल में सन् 1947 में भारत-पाकिस्तान बनने के समय ही बलूचिस्तान अपने चार प्रिंसली स्टेट- खारन, मकारन, लास बेला और कलात के साथ पाकिस्तान में शामिल होने के बजाय स्वतन्त्र रहना चाहता था लेकिन सेना के बल पर इसे दबा कर पाकिस्तान में शामिल कराया गया। बलूचिस्तान का विद्रोह सन् 1948 से ही शुरू होता है जब मीर अहमद यार खान जिन्हें कलात का खान कहा जाता था, को अपदस्थ कर पाक सेना ने अपना कब्जा जमा लिया। इसके बाद आधा दर्जन से अधिक बार संगठित विद्रोह किया गया और अभी तक हो रहा है।

सन् 1971 में पूर्वी पाकिस्तान में हुए सफल विद्रोह तथा स्वतन्त्र बांग्लादेश बन जाने के बाद बलोच विद्रोहियों को लगा कि वे भी इसी तरह अपने प्रान्त को आजाद करा सकते हैं। इससे भयभीत पाकिस्तानी प्रधानमंत्री जुल्फ़िक़ार अली भुट्टो ने वर्ष 1973 में बलूचिस्तान की निर्वाचित अकबर खान बुगती की सरकार को बर्खास्त करके वहां बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान चलाया जिसमें 80,000 से अधिक सैनिकों ने भाग लिया। सेना ने अपने ही नागरिक ठिकानों पर बम गिरा कर हजारों नागरिकों को मार डाला। पड़ोसी देश ईरान ने इस डर से पाकिस्तान को समर्थन दे दिया कि कहीं बलोच आन्दोलन का असर उनके अपने देश में भी न फैल जाए। यह लड़ाई चार साल तक चलती रही। भुट्टो को अपदस्थ कर सत्ता पर कब्जा करने वाले जनरल जियाउल हक़ ने बलूचिस्तान से सेना वापस बुलाई। आज बलूचिस्तान में कई विद्रोही गुट हैं जिनमें बलोच लिबरेशन आर्मी (जिसने ट्रेन का अपहरण किया), बलोच रिपब्लिकन आर्मी तथा बलोच लिबरेशन फ्रंट मुख्य हैं। ये सरकार से बलूचिस्तान के लिए स्वायत्तता की मांग करते हैं लेकिन बड़े गुट बांग्लादेश की तरह पूर्ण आजादी की मांग करते हैं। बलूचिस्तान से कई नेता मुख्यमन्त्री व केन्द्रीय मन्त्री भी होते रहे हैं। ऐसे दो नेता - मीर जफरुल्ला खान जमाली वर्ष 2002 में तथा युसुफ रजा गिलानी वर्ष 2008 में पाकिस्तान के प्रधानमन्त्री भी हुए लेकिन ये भी बलूचिस्तान का कोई भला नहीं कर सके।

## गंभीर हो सकता है परिणाम

पूर्वी पाकिस्तान के अलग होकर बांग्लादेश बन जाने के भौगोलिक व राजनीतिक अर्थ अलग थे लेकिन बलूचिस्तान के अलग होने का पाकिस्तान के लिए बहुत गम्भीर परिणाम होगा तथा वह आर्थिक, रणनीतिक व भौगोलिक तौर पर काफी कमजोर हो सकता है। बहरहाल, इस्लामाबाद से ढाका की दूरी 2000 किमी से भी अधिक है और वहां के लिए जमीनी रास्ता न होकर सिर्फ हवाई मार्ग था जो भारत के आसमान से होकर जाता था और महत्वपूर्ण यह था कि भारत और पूर्वी पाकिस्तान की 1600 किमी लम्बी सीमा थी, जिससे ढाका आन्दोलन को भारत से आसानी से मदद मिल जाती थी। लेकिन इस्लामाबाद से क्वेटा की दूरी 900 किमी के करीब है और उसका अपना जमीनी रास्ता है। उत्पीड़न की तमाम समानताओं के बावजूद बांग्लादेश और बलूचिस्तान में रणनीतिक और भौगोलिक अन्तर है। बांग्लादेश के आजाद होते ही सोवियत रूस, भारत, अमेरिका व संयुक्त राष्ट्र ने तत्काल उसे मान्यता दे दी थी लेकिन बलूचिस्तान आजाद हो भी जाता है तो उसके प्रति अन्तरराष्ट्रीय समुदाय का रवैया शायद ऐसा न हो। फिर भी पाकिस्तान को यह याद रखना होगा कि वह लम्बे समय तक इस क्षेत्र की उपेक्षा और दोहन नहीं कर सकता क्योंकि उसके पड़ोस अफगानिस्तान और ईरान में भी राजनीतिक और रणनीतिक परिस्थितियां बदल चुकी हैं और ये दोनों देश बलूचिस्तान को वही मदद करने में सक्षम हैं जो कभी भारत ने पूर्वी पाकिस्तान को दी थी। राजनीति भी आखिर विकट संभावनाओं का ही खेल है!

# चार टुकड़ों में बंट सकता है पाकिस्तान



बिखराव

डॉ. चन्द्र त्रिखा

वरिष्ठ पत्रकार व साहित्यकार

क्या यह मान लिया जाए कि देर-सवेर पाकिस्तान भी चार भागों में विभाजित हो जाएगा? बलूचिस्तान में यात्री-रेल का अपहरण इसी आशंका की ओर संकेत करता है। आशंका यह भी व्यक्त की जा सकती है कि एक दशक के बाद पाकिस्तान सिर्फ पाक-पंजाब तक ही सीमित रह जाएगा।

बलूचिस्तान में बदलाव की आग का किस्सा बहुत पुराना है। यह आग दरअसल 1947-48 में ही सुलगनी आरंभ हो गई थी, जब वहां के शासकों ने भारत में विलय का एक प्रस्ताव भारत सरकार को वर्ष 1948 में भेज दिया था। मगर हमारे तत्कालीन प्रधानमंत्री ने इसे स्वीकार नहीं किया था। इस तथ्य का खुलासा वीपी मेनन की नवीनतम कृति में विस्तार से दर्ज है। उधर, बहावलपुर-मुल्तान में भी अलगाववाद की आग सुलगने लगी है। वहां 'सरायकिस्तान' को तत्काल अलग प्रांत का दर्जा देने की मांग पिछले कुछ वर्षों से जारी है। खैबर-पख्तूनवा प्रांत पहले ही अलगाव के तेवर दिखा रहा है। वहां के अनेक संगठन पख्तूनिस्तान की मांग उठा चुके हैं। सिंध कुछ हद तक नियंत्रण में हैं मगर वहां भी 'जीए-सिंध' आंदोलन अभी भी सुलग रहा है।

## सीमाएं लांघ चुका आक्रोश

बलूचिस्तान में व्यापक आक्रोश अपनी सीमाएं लांघ चुका है। वहां स्कूली स्तर पर बच्चों में भी गुस्सा उबल रहा है। वैसे भी पाकिस्तान की सरकार बलूचिस्तान से बलूचों को खदेड़ने के लिए बार-बार सैन्य कार्रवाई करती रही है। इस कार्रवाई की दो बड़ी वजह हैं। पहली- बलूचिस्तान की भौगोलिक स्थिति, जो इसे दुनिया के कुछ सबसे अमीर स्थानों में खड़ा कर देती है। दरअसल, यह इलाका पाक के दक्षिण-पश्चिम में है जिसके क्षेत्रफल में ईरान और अफगानिस्तान की भी जमीनें शामिल हैं। यह 347190 वर्ग किमी में फैला हुआ है।

## पाक का सबसे बड़ा प्रांत बलूच

इस हिसाब से यह पाक का सबसे बड़ा प्रांत है। देश का 44 फीसदी भूभाग यहीं है जबकि इतने बड़े क्षेत्र में पाक की कुल आबादी के सिर्फ (3.6) फीसदी यानी 1.49 करोड़ लोग ही रहते हैं। दूसरी वजह यह है कि इसी जमीन के नीचे मौजूद तांबा, सोना, कोयला, यूरेनियम और अन्य खनिजों का अकूत भंडार है। इसी आधार पर यह पाक का सबसे अमीर राज्य भी है। यहां की 'रेको दिक ' खान दुनिया की सोने और तांबे की बड़ी खदानों में से एक है। यह चगाई जिले में है, जहां 590 करोड़ टन खनिज होने का अनुमान है। इसके प्रति टन भंडार में 0.22 ग्राम सोना और 0.41 फीसदी तांबा है। इस हिसाब से इस खान में 40 करोड़ टन सोना छिपा है जिसकी अनुमानित कीमत 174.42 लाख करोड़ रुपये तक हो सकती है।

## खनिज भंडारों के बावजूद गरीबी

इसके बावजूद यह इलाका पाकिस्तान के सबसे पिछड़े इलाकों में से एक है। पाकिस्तान ये बेशकीमती खदानें चीन को देकर अपनी किस्मत चमकाना चाहता है। उस पर 124.5 अरब डॉलर का विदेशी कर्ज है जो उसकी जीडीपी का 42



फीसदी है। इस एक रेल-अपहरण से ढेरों अन्य तथ्य भी उजागर हुए हैं। एक तथ्य यह भी है कि समृद्ध खनिज भंडारों के बावजूद बलूचिस्तान में गरीबी अपने चरम पर है। कुछेक दूरदराज़ क्षेत्रों में तो बच्चों, बूढ़ों और औरतों को चुराकर ले जाने और उनके अंगों का (किडनी-लिवर-आंख आदि) महंगे दामों पर अरब देशों व कुछ पाक-पंजाब के अस्पतालों में बेचे जाने की खबरें भी आई हैं। वहां की जवान औरतों के अपहरण और कुछ गांवों में सामूहिक बलात्कार व सामूहिक नरसंहार के किस्से भी चर्चा में रहे हैं। बलूचिस्तान में गरीबी व बदहाली के चलते मानव जीवन संकट में है। बीएलए (बलूच लिबरेशन आर्मी) सरीखे संगठन अब इस बात पर आमादा हैं कि वे एक 'स्वतंत्र बलूचिस्तान' लेकर रहेंगे। यहां का प्राचीन इतिहास यहां पर अतीत में हिन्दू साम्राज्य की गवाही भी देता है।

## अलग सरायकिस्तान की मांग

इतना तय है कि बलूच जाति का अतीत इस्लाम से सदियों पहले भी अस्तित्व में था। इनका अपना लिखित इतिहास भी है और साहित्य भी। कमोबेश इसी तर्ज पर अलग सरायकिस्तान प्रांत की मांग भी ज़ोरों पर है। यह मांग भाषा, बोली, संस्कृति, खानपान व पहरावे को लेकर है। पाकिस्तान में इस का प्रभाव क्षेत्र मुल्तान, बहावलपुर व सिंध प्रांत और कुछ पाक-पंजाब का क्षेत्र शामिल है। बाबा फरीद, बाबा बुल्लेशाह, अब्दुल लतीफ मिताई, सचल अलमस्त, 'गुलाम रसूल ' आदि अनेक संत फकीर व अदीब इसी बोली के लोक आधार स्तम्भ हैं।

## बोली आधारित प्रांत की मांग

भारतीय क्षेत्रों में जिनमें बीकानेर, जैसलमेर, श्रीगंगानगर, राजपुरा, पटियाला, सोनीपत, पानीपत, हांसी, रोहतक, कुरुक्षेत्र व कैथल आदि शामिल हैं। कुल मिलाकर लगभग डेढ़ से दो करोड़ लोग इसी भाषा का प्रयोग करते हैं। पाकिस्तान में बहावलपुर, मुल्तान व कुछ सिंधी क्षेत्रों में इस बोली, इस भाषा पर आधारित प्रांत की मांग ज़ोरों पर है। पख़्तूनख़्वा प्रदेश में भी अलग देश की मांग प्रबलता से उठाई जा रही है। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में भी पख्तूनों की सक्रियता का एक विशिष्ट इतिहास है।

सीमांत गांधी अब्दुल खां को हमने भारत-रत्न का सम्मान भी दिया था। इस क्षेत्र का इतिहास भी ईसा से दो सदी पूर्व का है। इस प्रांत की बोली पश्तो है और इनका भी अपना संगीत, अपना साहित्य व अपनी अलग संस्कृति रही है। पाकिस्तान में इन पख्तूनों की आबादी दो करोड़ से भी ज्यादा है।

## पाक-पंजाब से है शिकायत

इन तीनों क्षेत्रों की मुख्य शिकायत पाक-पंजाब से है। लगभग 55 प्रतिशत संसाधनों, सेना, राजनीति, न्यायपालिका व उद्योग धंधों पर पाक-पंजाब का कब्ज़ा है। सत्ता के सभी सूत्र पाक-पंजाब के हाथों में हैं। शेष तीनों भागों को सिर्फ शोषण व दमन से बांधा जाता रहा है। विद्रोह, विरोध व अलगाव की अवधारणा, बलूचिस्तान व पख्तूनिस्तान में गहरी जड़ें जमा चुकी हैं। इन्हें लम्बी अवधि तक बंधक बनाए रखना पाक-पंजाब के बस में नहीं है।

सारा प्रकरण भारत के लिए भी दुखद है। एक कमज़ोर, कटा फटा, बगावती तेवर वाला पड़ोसी भी कम खतरनाक नहीं होता। दुखद यह भी है कि हमारे अनेक पीर फकीर भी इसी पाक-पंजाब से रहे हैं। यह बाबा नानक की भी धरती रही है और बाबा फरीद, बुल्लेशाह, फैज़, मंटो, उस्ताद दामन की धरती भी रही है। मगर यह ज़िया उल हक, अयूब खां की भी धरती है जिन्हें इस शेअर में बयान कर सकते हैं-

*तुमने खेतों में इन्सानों के सर बोए थे,*
*अब ज़मीं खून उगलती है तो हैरत क्यों है।*

## संक्षेप

### पेट्रोल पंप पर पहले पेट्रोल डलवाने को लेकर विवाद

अमन लेखनी समाचार

अमरोहा, गजरौला में एक पेट्रोल पंप पर पहले पेट्रोल डलवाने को लेकर हुए विवाद में बाइक सवार तीन बदमाशों ने एक युवक को गोली मार दी। घटना हरिद्वार-बदायूं स्टेट हाईवे पर टेवा फैक्ट्री के सामने स्थित एचपी पेट्रोल पंप की है। गजरौला के मोहल्ला तिगरिया भूड़ निवासी चमन पुत्र शीशपाल अपने दो दोस्तों सुमित और प्रशांत के साथ पेट्रोल डलवाने गया था। इसी दौरान दूसरी बाइक पर आए बदमाशों ने पहले पेट्रोल डलवाने की बात कही। चमन ने जब उन्हें बताया कि वह पहले आया है इसलिए पहले वह पेट्रोल डलवाएगा, तो बदमाशों ने उससे मारपीट शुरू कर दी। बदमाशों ने चमन के पेट में गोली मार दी और उसका हाथ भी तोड़ दिया। दिनदहाड़े हुई इस घटना से इलाके में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है।

### एनएच-9 पर हुआ हादसा

अमन लेखनी समाचार

अमरोहा, रजबपुर थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे 9 पर रविवार सुबह एक दुर्घटना हुई। जीएमएस हॉस्पिटल के पास दिल्ली की ओर से आ रही बलेनो कार और रॉन्ग साइड से आ रहे जॉन डियर ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर हो गई। घटना उस समय हुई जब कार ढाबे की तरफ मुड़ने की कोशिश कर रही थी। कार में एक महिला और बच्चे समेत चालक सवार थे। सौभाग्य से सभी यात्री सुरक्षित हैं। सूचना मिलते ही पीआरवी और रजबपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर को जब्त कर लिया और चालक को हिरासत में ले लिया। थाना पुलिस के अनुसार ट्रैक्टर नया है और उस पर अभी नंबर प्लेट नहीं लगी थी। पुलिस ट्रैक्टर और उसके चालक के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

### हसनपुर में खेत में मिले शव की हुई पहचान

अमन लेखनी समाचार

हसनपुर, थाना शिवाला कलां क्षेत्र के शहबाजपुर गांव में एक दर्दनाक हत्या का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान 35 वर्षीय मोकेंद्र के रूप में हुई है। वह वीरेंद्र कुमार का पुत्र था। दवा लेने के लिए घर से निकला था। जब वह वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने थाना शिवाला कलां में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। उसी दिन अमरोहा जिले के हसनपुर कोतवाली क्षेत्र में बावनखेड़ी चकौरी मार्ग पर एक शव मिला। शव खेतों की तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते पर पड़ा था। मृतक के हाथ पर 'ओम' और 'एमके' लिखा हुआ था। घटनास्थल पर खून भी मिला। क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत के अनुसार, प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला लगता है। आरोपियों ने हत्या के बाद शव को यहां फेंक दिया।

# जनपद की 86 ग्राम पंचायतें हुई टीबी मुक्त, 24 मार्च को होगा सम्मान समारोह

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा



बहराइच। जनपद में 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान के तहत हुई समीक्षा बैठक में बड़ी सफलता सामने आई है। जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित इस बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि 104 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया था, जिनमें से 86 पंचायतें सत्यापन के बाद टीबी मुक्त घोषित की गई हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री के 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य के तहत यह अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें स्वास्थ्य विभाग और ग्राम पंचायतों के संयुक्त प्रयासों से यह सफलता मिली है। 24 मार्च को विश्व टीबी दिवस के अवसर पर सभी 86 ग्राम पंचायतों के प्रधानों को महात्मा गांधी जी की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। सीएमओ डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि प्रति 1000 आबादी पर 30 संभावित टीबी मरीजों की जांच की गई, जिसमें एक या उससे कम मरीज का नोटिफिकेशन पाया गया। साथ ही, 60 फीसदी मरीजों की ड्रग सेंसिटिविटी टेस्ट जांच पूरी हुई, जबकि 85 फीसदी मरीजों का सफल उपचार हुआ। निक्षय पोषण योजना के तहत सभी टीबी मरीजों को पहली किस्त का भुगतान सुनिश्चित किया गया। इन सभी मानकों को पूरा करने के बाद ही पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सीएमओ और चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिया कि निक्षय पोर्टल की नियमित समीक्षा करें और जनप्रतिनिधियों का सहयोग लें। उन्होंने एक्स-रे जांच की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए सभी गतिविधियों को पोर्टल पर अपडेट करने के निर्देश दिए। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एम.एल. वर्मा ने कहा कि ष्स्वास्थ्य विभाग निगरानी और उपचार को लगातार प्रभावी बना रहा है। अधिकांश पंचायतों ने बेहतर प्रदर्शन किया है, लेकिन कुछ क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा अभियान में समुदाय की भागीदारी और शीघ्र जांच सुनिश्चित करने पर पर विशेष ध्यान दिया जायेगा।

# संकुल शिक्षकों की मासिक बैठक आयोजित

## अरविन्द वर्मा ने समस्त एआरपी को उत्तम कार्यों के लिए दी शुभकामनायें


अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। विकास क्षेत्र नवाबगंज अंतर्गत कार्यरत संकुल शिक्षकों की मासिक बैठक संकुल संसाधन केंद्रों पर आयोजित की गई। नोडल संकुल शिक्षकों के निर्देशन में आयोजित इस बैठक में

राज्य परियोजना कार्यालय से प्राप्त दिशा निदेर्शों के क्रम में परस्पर संवाद स्थापित कर शैक्षिक मुद्दों पर विचार विचार-विमर्श किया गया। संकुल संसाधन केंद्र जैतापुर में आयोजित बैठक की अध्यक्षता एआरपी सुनील कुमार ने की गई। संकुल शिक्षक अविराज सैनी के निर्देशन में प्राथमिक विद्यालय गोपालपुर में आयोजित बैठक मां शारदे की स्तुति के बाद मनोरंजन गतिविधि के साथ किया गया। बैठक में बीते साल की चुनौतियों, आगामी शैक्षिक सत्र की रणनीतियों, नामांकन वृद्धि के लिए किए जाने वाले प्रयासों, संदर्शिका आधारित शिक्षण नीतियों, बच्चों के नियमित आकलन, शैक्षिक एप्स के प्रयोग, शिक्षण के दौरान टीएलएम व गणित विज्ञान किट के प्रयोग तथा इको क्लब की गतिविधियों के नियमित आयोजन पर चर्चा की गई। बैठक में परिषदीय विद्यालयों मे आयोजित होने वाली वार्षिक परीक्षा तथा मूल्यांकन की रणनीतियों पर भी चर्चा की गई। बैठक के अंत में एआरपी सुनील कुमार को उनके सराहनीय कार्यकाल के लिए शिक्षकों द्वारा सम्मानित किया गया एवं एआरपी राकेश मौर्य व निर्मल शुक्ला कों उनके उत्तम कार्यकाल के लिए अरविन्द वर्मा ब्लॉक अध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ नवाबगंज, विनोद गिरि, जीतेन्द्र शर्मा, वैभव सिंह ने उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी। इस मौके पर संकुल शिक्षक सुशील कुमार, अविराज सैनी, अवधेश कुमार गुप्ता, श्रीकांत भारती, विपुल कुमार, आलोक कुमार, दिलीप कुमार, रुपेश कुमार सहित भारी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

# बेखौफ चोर, अस्पताल के बाहर खड़ी बाइक चोरी



अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। आदर्श थाना/ कोतवाली रुपईडीहा क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में भर्ती पत्नी को देखने आए युवक की अस्पताल के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। रूपईडीहा थाना क्षेत्र के दुविधापुर निवासी मनोज कुमार पुत्र शोभाराम 17 मार्च को थाना क्षेत्र के कस्बा बाबागंज में निजी अस्पताल में अपनी पत्नी का इलाज करने आया था। वह अपनी बाइक हीरो एचएफ डिलक्स यूपी 40 एजे 2849 अस्पताल के बाहर खड़ी करके अंदर चला गया। वापस आने पर वहां से बाइक गायब थी। पीड़ित ने आसपास इलाके में बाइक तलाश की। हॉस्पिटल में लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना रिकॉर्ड हो गई है। पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को दी थी।

# बैंक के एक बकायेदार के खेत में लगी झंडी, होगी नीलामी

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। आर्यावर्त बैंक रमपुरवा के एक बकायेदार के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की गई। जिससे कर्जदारों में हड़कंप मच गया। नीलामी के लिए बकायेदार के खेत में लाल झंडी लगा दी गई है। आर्यावर्त बैंक रमपुरवा शाखा प्रबंधक कबीर ने बताया कि रमपुरवा निवासी लाल बिहारी पुत्र संतोषी ने 16 जनवरी 2014 को आर्यावर्त बैंक रमपुरवा से 2 लाख 72 हजार लिए थे। बैंक द्वारा कई बार बकायेदार को नोटिस भी दी जा चुकी है। उसके बावजूद भी बैंक से संपर्क नहीं किया है। जो कि वर्तमान समय में 11 वर्ष दो माह में 4 चार लाख एक हजार 558 रु प्लस ब्याज बाकी है। महसी एसडीएम के निर्देश पर मंगलवार को नायब तहसीलदार राजेश कुमार श्रीवास्तव, अमीन हनुमान सिंह, लेखपाल शिवपूजन सिंह, आर्यावर्त बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक रमेश चंद्र चौधरी, वरिष्ठ प्रबंधक प्रमोद कुमार, रिकवरी नोडल केपी सिंह, रमपुरवा आर्यावर्त बैंक के शाखा प्रबंधक कबीर बकायेदार के यहां पहुंचे और उन्होंने नीलामी के लिए खेत में लाल झंडी लगवा दी। नायब तहसीलदार राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बकायेदार को 21 दिन का समय दिया गया है। उसके बाद नीलामी कराई जाएगी।

# डीएफओ कतर्नियाघाट को बीडी लखमानी ने भेंट किया गौरैया बाक्स

## फ्रेंड्स आफ कतर्नियाघाट का गौरैया बचाओ अभियान शुरू



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। लंबे समय से वन एवं वन्य जीवों के संरक्षण के लिए कार्य करने वाले बीडी लखमानी ने डीएफओ से मुलाकात कर गौरैया बाक्स भेंट किया है। आगामी 20 मार्च 2025 को मनाये जाने वाले विश्व गौरैया दिवस अभियान की शुरूआत करते हुए मंगलवार को फ्रेंड्स आफ कतर्नियाघाट की ओर से संस्था के मुखिया बीडी लखमानी द्वारा डीएफओ कतर्नियाघाट बी शिव शंकर को एक गौरैया बॉक्स, दो की रिंग्स साथ ही मौजूद सभी स्टाफ को सेव द टाइगर संदेशक चाभी के छल्ले प्रदान किए। आगामी 20 मार्च 2025 को शहर के लखनऊ सीतापुर रोड पर तेजवापुर ब्लॉक स्थित प्राथमिक विद्यालय चैनपुरवा सेकेंड सिसई हैदर में कार्यशाला का आयोजन कर स्कूली बच्चों को गौरैया संरक्षण के प्रति जागरूक किया जायेगा साथ ही स्कूल प्रबंधन को स्कूल में लगाने के लिए 05 गौरैया बॉक्स प्रदान किये जायेंगे, साथ ही सभी स्कूली बच्चों (लगभग 100) को 05 रुपये वाली चॉकलेट भी दी जायेगी।

# योग में षटकर्म की कार्यशाला का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा



बहराइच। वर्ल्ड आयुष फाउंडेशन, आयुष विभाग एवं स्पार्क कालेज ऑफ पैरामेडिकल एण्ड नर्सिंग इंस्टीट्यूट के सहयोग से कॉलेज के सभागार में योग में षटकर्म की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ अभिलाषा वर्मा, डायरेक्टर स्पार्क पैरामेडिकल एंड नर्सिंग कालेज के द्वारा किया गया कार्यक्रम में योग प्रशिक्षकों द्वारा षटकर्म, जल नेति, रबर नेति, धौतीकर्म, कुंजल क्रिया, त्राटक का योगाभ्यास किया गया। योग के माध्यम से रोगों से बचाव, उपचार के बारे में भी जानकारी प्रदान की गयी। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी आधिकारी डॉ रंजन वर्मा के बताया कि यह कार्यक्रम योग प्रशिक्षकों के कार्य को और बेहतर बनाने, योग के प्रचार प्रसार एवं जन मानस तक पहुंचानें उनके दिनचर्या में लाने के उद्देश्य से किया गया है। योगाभ्यास में योग प्रशिक्षक जयप्रकाश वर्मा द्वारा षटकर्म परिचय, श्रीमति शीला वर्मा द्वारा जल नेति, रबर नेति, श्रीअरूण कुमार के द्वारा धौती परिचय, गया प्रसाद द्वारा कुंजल क्रिया एवं प्रवीण वर्मा द्वारा त्राटक क्रिया पर व्याख्यान दिया गया। योग प्रशिक्षक कौशलेंद्र ने प्रयोगात्मक क्रिया के द्वारा योग प्रशिक्षकों को योगाभ्यास कराया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक आयुष मिशन डॉ प्रभात कुमार मिश्र, स्पार्क कालेज के प्राचार्य डॉ मोहसिन, गीता कुशवाहा, राकेश कुमार दुबे, आस्था, श्वेता, माला, डॉ परवेज, नीलम एवं जनपद मे संचालित समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिर के योग प्रशिक्षक मौजूद रहे।

# युवक को गोली मारने वाले दो गिरफ्तार

## अलीगढ़ में युवक को दौड़ाकर मारी थी गोली, पीड़ित ने भागकर बचाई थी अपनी जान

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़, टप्पल थाना क्षेत्र में युवक को गोली मारने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुरानी रंजिश के कारण दोनों आरोपियों युवक के ऊपर गोली चला दी थी। गोली युवक के हाथ में गोली लगी थी और उसने भागकर जान बचाई थी। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी और मामले की जांच शुरू कर दी थी। वहीं पीड़ित ने नामजद आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। जिसके बाद पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश कर रही थी। मुखबिर की सूचना के बाद पुलिस ने दोनों को दबोच लिया है। टप्पल थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर निवासी पवन कुमार पुत्र भूपेंद्र के ऊपर उसके गांव के ही रहने वाले कुलदीप पुत्र ज्ञानेंद्र और प्रशांत उर्फ छोटू पुत्र सुदेश ने जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया था। होलिका दहन के दिन ही रात में आरोपियों ने तमंचे से पीड़ित के ऊपर फायर कर दिया था। युवक के दाएं हाथ में गोली लगी थी और वह लहूलुहान हो गया था। आरोपियों ने उसे दौड़ा लिया था और पीड़ित ने भागकर जान बचाई थी। पीड़ित घायल अवस्था में ही थाने पहुंच गया था, जिसके बाद पुलिस ने घायल का इलाज कराया था और मेडिकल परीक्षण कराया था। इसके बाद पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कराया था। घटना के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही थी। जिसके बाद पुलिस को मुखबिर के जरिए आरोपियों की सूचना मिली थी। आरोपी गांव के बाहर ही अपने परिवार के लोगों से मिलने के लिए आए थे। तभी पुलिस टीम ने आरोपियों को दबोच लिया। उनके पास से घटना में इस्तेमाल किया गया तमंचा और अवैध कारतूस भी बरामद किए गए हैं। टप्पल थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों को कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया गया है। मामले की जांच जारी है। जांच के बाद जल्द से जल्द कोर्ट में चार्जशीट पेश की जाएगी, जिससे आरोपियों को सजा दिलाई जा सके।

# बहन की हत्या कर फरार भाई गिरफ्तार

## 4 बीघा जमीन के विवाद में बहन को चाकू-बांका से मारा, खून से सने कपड़े बरामद

अमन लेखनी समाचार



बांदा, एक भाई ने जमीन के विवाद में अपनी सगी बहन की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना 14 मार्च को थाना पैलानी क्षेत्र के ग्राम खप्टिहाकला में हुई। आरोपी संतोष निषाद ने अपनी बहन सुशीला को चाकू और बांका से गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल सुशीला को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को ग्राम अलोना से गिरफ्तार किया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त बांका और खून से सने कपड़े भी बरामद किए। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसकी मां ने सुशीला के नाम 4 बीघा जमीन की रजिस्ट्री कर दी थी। वह जमीन वापस मांगता था, लेकिन सुशीला मना कर देती थी। सुशीला जमीन को किसी और को बेचने की धमकी भी देती थी। संतोष कई दिनों से बहन की हत्या की योजना बना रहा था। सुशीला परिवार के साथ नागपुर में रहती थी। जब उसे पता चला कि सुशीला होली पर गांव आई है, तो वह मिलने के बहाने उसके घर गया। बहन को अकेला पाकर उसने हत्या कर दी। एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चला रही है।

# बहराइच पुलिस ने मुक्त कराया 04 बाल श्रमिक

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक बहराइच के कुशल निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व नोडल अधिकारी एएचटीयू के मार्गदर्शन में माह जनवरी से मार्च तक चल रहे अखिल भारतीय बाल बचाव व पुनर्वास, किशोर श्रम उन्मूलन हेतु बालश्रम व बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम अभियान में थाना एएचटी टीम जनपद बहराइच, श्रम विभाग, जिला प्रोबेशन बहराइच, देहात इंडिया व प्रथम संस्था बहराइच की संयुक्त टीम द्वारा थाना क्षेत्र दरगाह शरीफ व कोतवाली देहात में बाल श्रमिक रेस्क्यू अभियान चलाया गया। रेस्क्यू अभिान के अन्तर्गत सासरपारा, दुनक्का, जेल रोड आदि स्थानों पर बालश्रम एवं बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम उन्मूलन रेस्क्यू एवं जागरुकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान संयुक्त टीम द्वारा कुल 04 नाबालिग बाल श्रमिकों को भिन्न भिन्न स्थानों से बालश्रम से मुक्त कराते हुए रेस्क्यू किया गया एवं नियोक्ताओं के विरुद्ध श्रम विभाग की टीम द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी। रेस्क्यू अभियान के अन्तर्गत 02 बाल श्रमिकों को सासरपारा से, 01 बाल श्रमिक को दुनन्का चौराहा से व 01 बाल श्रमिक को जेल रोड से रेस्कयू किया गया।



# नाबालिग से छेड़छाड़ और धर्म परिवर्तन करने का दबाव

## पीड़िता ने दरोगा पर लगाया गंभीर आरोप, एसपी से की शिकायत

अमन लेखनी समाचार




मिर्जापुर, मिर्जापुर के विंध्याचल थाने में तैनात एक दरोगा पर नाबालिग ने गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने दरोगा पर छेड़छाड़ और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया है। पीड़िता की मां ने बताया कि उनका एक जमीन विवाद चल रहा था। इसी सिलसिले में दरोगा उनके घर आए थे। उन्होंने मोबाइल नंबर लिया और पिछले एक साल से किसी न किसी बहाने घर आने लगे। शुरूआत में दरोगा वॉट्सऐप पर सामान्य बातचीत करते थे। बाद में उनका व्यवहार बदल गया। वे पीड़िता से अकेले में बात करने की कोशिश करते। रात में अश्लील मैसेज भेजते, जिन्हें तुरंत डिलीट कर देते। एक दिन दरोगा ने पीड़िता का हाथ पकड़कर उसे परिवार से दूर ले गए। उन्होंने लड़की को चर्च जाने और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया। विरोध करने पर परिवार को गैंगस्टर में फंसाने की धमकी दी। पीड़िता ने परिजनों के साथ एसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायत की। उसने दरोगा द्वारा भेजे गए अश्लील फोटो और वीडियो के स्क्रीनशॉट भी दिखाए। पहले इस मामले की शिकायत विंध्याचल थानाध्यक्ष से की गई थी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब 18 मार्च को पीड़ित परिवार ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

## संक्षेप

### विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दी

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मीरपुर जखेडा में एक दुखद घटना सामने आई है।जानी थाना क्षेत्र में रहने वाली विवाहिता प्रीति यादव ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। प्रीति सुमित यादव की पत्नी थीं।प्रारंभिक जांच में घरेलू कलह को आत्महत्या का कारण बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।थाना प्रभारी संजय पांडे ने बताया कि महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि, अभी तक मृतका के परिवार की ओर से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ट्रेन की चपेट में आने से कटी युवती

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, ट्रेन की चपेट में आने से युवती की मौत हो गई।युवती शोरूम में जॉब के लिए इंटरव्यू देने जा रही थी। अचानक ट्रेन की चपेट में आ गई और मौत हो गई।युवती का नाम प्रियंका पुत्री कमल सिंह बताया जा रहा है। युवती अच्छरोंडा गांव की रहने वाली ह। उसकी उम्र लगभग 22 साल बाई जा रही है।पूरी घटना परतापुर थानाक्षेत्र के रेलवे फाटक के पास की बताई जा रही है।परतापुर थानाक्षेत्र में फाटक के पास फ्लाईओवर के नीचे युवती ट्रेन की चपेट में आ गई।

### हेलमेट कारोबारी की हत्या

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, खुर्जा नगर कोतवाली क्षेत्र में एक चौंकाने वाली वारदात सामने आई है। दिल्ली में हेलमेट का कारोबार करने वाले आकाश की हत्या उसके दोस्त राहुल ने कर दी।पुलिस ने गोठनी के जंगल से आकाश का शव बरामद किया है। आकाश और राहुल दोनों दिल्ली में हेलमेट का व्यवसाय करते थे। आकाश द्वारा की गई मजाक से राहुल इतना नाराज हुआ कि उसने दोस्त की हत्या की योजना बना ली। वह आकाश को जंगल में ले गया और धारदार हथियार से वार कर उसकी जान ले ली।पुलिस ने आरोपी राहुल को हिरासत में ले लिया है।पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है। मामले में पुरानी रंजिश का एंगल भी खंगाला जा रहा है।मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### बड़ौत में धर्म परिवर्तन का मामला

अमन लेखनी समाचार

बागपत, बिनौली थाना क्षेत्र के दादरी गांव में एक 16 वर्षीय किशोर के साथ जबरन धर्म परिवर्तन का मामला प्रकाश में आया है। किशोर प्रिंस होली के अवसर पर अपने मामा भगत के घर आया था। इस दौरान गांव के कुछ मुस्लिम युवकों ने उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए। आरोप है कि उन्होंने किशोर को गांव में आई जमात में ले जाकर उसका जबरन खतना करवाया।

## झाँसी का नाम रोशन करने वाले अर्शप्रीत को डॉ. संदीप ने किया सम्मानित

### झाँसी के लाल अर्शप्रीत ने किया जनपद का नाम रोशन, विधानसभा में मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार



झाँसी। जनपद के सीपरी बाजार स्थित नानकगंज में रहने वाले अर्शप्रीत कला के क्षेत्र में देश-विदेश विदेश तक जनपद का नाम रोशन कर रहे हैं।हाल ही में उन्हें लखनऊ विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा विवेकानंद यूथ अवार्ड से सम्मानित किया गया। 10 युवाओं की सूची में अर्शप्रीत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके पहले भी अर्शप्रीत इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड, एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड, इंटरनेशनल बुक का रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कर चुके हैं।बचपन से ही अर्शप्रीत पेंटिंग के शौकीन थे शिक्षा के साथ-साथ उन्होंने कला क्षेत्र में भी भरपूर मेहनत की, घरवालों के सहयोग से उन्हें बुलंदियों तक पहुंचने में ज्यादा समय नहीं लगा। आज अर्शप्रीत युवाओं के लिए आइकन बन चुके हैं कला के साथ अर्शप्रीत समाज सेवा के क्षेत्र में भी कार्य कर रहे हैं।आज वे अपने पिता अमरप्रीत सिंह के साथ संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पहुंचे अर्शप्रीत के पिता समाजसेवी डॉक्टर संदीप सरावगी के मित्र हैं। डॉ संदीप द्वारा समय-समय पर अर्शप्रीत का उत्साहवर्धन किया गया जिसके लिए उन्होंने डॉक्टर संदीप का आभार भी व्यक्त किया। संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पर अर्शप्रीत ने स्वयं के द्वारा बनाया गया डॉक्टर संदीप का स्केच उन्हें भेंट किया और डॉक्टर संदीप द्वारा तिलक व माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया गया, साथ ही महारानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा भेंट कर उन्हें सम्मानित भी किया गया। अर्शप्रीत ने कहा मैं काफी समय से अपने चाचा डॉक्टर संदीप के संपर्क में हूँ उनके द्वारा समाजसेवा के कार्यों को काफी समय से देखता आ रहा हूं जिससे मुझे भी लोगों की सहायता करने की प्रेरणा मिली। कला के क्षेत्र में कार्य करने वाले युवा जो किसी अभाव के कारण अपनी कला के प्रदर्शन से वंचित रह जाते हैं उनकी सहायता कर मैं स्वयं को गौरवान्वित महसूस करता हूँ। अर्शप्रीत को सम्मानित करते हुए डॉक्टर संदीप ने कहा यह हमारे पूरे जिले के लिए गौरव का विषय है, छोटे से जनपद से निकलकर अर्शप्रीत ने देश-विदेश तक अपनी कला का प्रदर्शन कर हम सभी को गौरवान्वित महसूस कराया है हम अर्शप्रीत के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। हमारे बुंदेलखंड ने देश को एक से बढ़कर एक लेखक, कवि, कलाकार खिलाड़ी दिए हैं इन सभी ने अपनी कला का प्रदर्शन कर हमारे जिले का नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित कराया है। समाज सेवा के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य और कला के क्षेत्र में भी हमारा संगठन कार्य कर रहा है। हमारे सदस्य उन युवाओं को खोज कर निकालते हैं जो किसी अभाव में मुख्य धारा से पिछड़ते जा रहे हैं। उनका सहयोग कर उन्हें एक अच्छे मंच पर पहुंचाने का प्रयास हमारे संगठन द्वारा किया जाता है जिसमें कई बार हमें सफलता भी प्राप्त हुई है आगे भी हम अपने कार्यों को अनवरत जारी रखेंगे। इस अवसर पर भूपेंद्र यादव, सुशांत गुप्ता, रोशन, अतुल गौतम, वंश गौतम, महेंद्र, राजा, वंदना, संदीप नामदेव, रेशमा, नैंसी नामदेव, दीक्षा साहू, कुंज बिहारी, सुमन, आशीष विश्वकर्मा, अरुण पांचाल, बसंत गुप्ता, राकेश अहिरवार, दीपक, सुशांत गेड़ा, कमल मेहता, मास्टर मुन्नालाल, नैंसी नामदेव, राजू सेन आदि उपस्थित रहे।

## अयोध्या दर्शन के लिए 50 लोगों का निकला पैदल जत्था



अमन लेखनी समाचार

गुरसराय, झाँसी।रामलला के प्राण प्रतिष्ठान के बाद से अयोध्या जाने के लिए हर दिन भक्तों की संख्या लगातार बढ़ती ही जा रही है ।दूर दूर से भक्त राम भगवान के दर्शन के लिए हर दिन मंदिर पहुंच रहे है ।इसी कड़ी में 50 श्रद्धालुओं का जत्था जतारा से पदयात्रा करते हुए अयोध्या के लिए निकले है ।यात्रा को लेकर श्रद्धालु काफी उत्साहित है ।जतारा से पैदल जत्था भगवान राम मंदिर दर्शन के लिए अयोध्या पैदल रवाना हुआ हैं। नगर पहुंचने पर उनका विनायक मोर्निंग ग्रुप ने नगर की सीमा पर पहुँचकर उनकी भव्य अगवानी कर उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया ।तदुपरांत डीजे मे भगवान राम की धुन के मधुर संगीतो के साथ नगर में प्रवेश किया ।जहाँ नेता परमार के निवास पर भव्य स्वागत एवं भक्तों को प्रसाद ग्रहण करवाया ।यात्रा को लेकर भक्तों ने कहा कि अनुमान है,कि 20 दिन उपरांत अयोध्या पहुंच जाएंगे। उसके बाद रामजी के दर्शन करेंगे।इसके साथ ही 50 श्रद्धालुओं के जत्था के सदस्यों ने बताया कि हम लोग प्रतिदिन लगभग 40 किलोमीटर की पदयात्रा करते हैं,और आज हम गुरसराय में रात्रि विश्राम के लिए रुके हैं ।यहां पर नेता परमार द्वारा हम लोगों की रात्रि विश्राम एवं भोजन की व्यवस्था की गई है ।हम सभी श्रद्धालु सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के आभारी है ।इस अवसर पर सुखदेव सिंह दीपू अस्ता,चरण सिंह यादव, रविंद्र रावत,राजकुमार सेंन,मंटू कोठारी,नेता परमार डुडी,सुबोध अग्रवाल,रामनारायण गुप्ता,शिवाजी बुंदेला,गिरेंद्र सिंह खंगार,अरुण भदोरिया, जानकी शरण वकील साहब,जगदीश पाठक,जमील मंसूरी, दीपू धनौरा,शैलेंद्र पाँचाल, भगोलेराम, धर्म सिंह दरोगा,अखिलेश कनकने, राघवेंद्र खरे,के पी सिंह,राघवेंद्र बुंदेला,राजवेंद्र बुंदेला सहित समस्त मंडी स्टॉफ उपस्थिति रहा।

## पंचायत स्तर पर आयोजित हुई खुली बैठक



अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर।जनपद के अमौली विकास खण्ड ग्राम प्रधान शिवकुमारी सोनकर की अध्यक्षता में खुली बैठक का आयोजन किया गया खंड विकास अधिकारी सुरेश शिवहरे ऐडियो पंचायत विनोद कुमार सचिव गौरी शंकर ग्राम प्रधान पति प्रकाश चंद्र सोनकर अर्जुन सोनकर समेत ग्राम पंचायत सदस्यों समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## छोटी काशी में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन

- अनूपशहर में कलश यात्रा में महिलाओं ने लिया हिस्सा, नर्मदा का अमृत जल शामिल

अमन लेखनी समाचार



अनूपशहर, 26 वर्षों के बाद श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन हो रहा है। गंगा तट स्थित बवस्टरगंज घाट से विशाल कलश यात्रा निकाली गई।इस यात्रा में सैकड़ों महिलाएं सिर पर कलश लेकर शामिल हुईं।कलश यात्रा में 3500 किलोमीटर की नर्मदा परिक्रमा का अमृत जल भी शामिल किया गया।

भागवत कथा का वाचन पद्मश्री रमेश बाबा महाराज के शिष्य डॉ. रामजीलाल शास्त्री करेंगे। कार्यक्रम अग्रसेन भवन में 23 मार्च 2025 तक आयोजित किया जाएगा।पूर्व विधायक नवल किशोर गर्ग और अभय गर्ग कार्यक्रम के मुख्य यजमान हैं।सप्ताह भर चलने वाले इस आयोजन में कई विशेष कार्यक्रम होंगे। इनमें वामन भगवान पूजन, श्री राम जन्मोत्सव, नंदोत्सव, श्री गिर्राज पूजन, रुक्मिणी विवाह और भागवत पूजन शामिल हैं। कार्यक्रम का समापन हवन और भंडारे के साथ होगा।

आयोजन समिति में अशोक कुमार गोयल, अनिल कुमार गुप्ता और डॉ. ऋषि कुमार अग्रवाल प्रमुख हैं। अनूपशहर विधायक संजय शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष ब्रजेश गोयल,डॉ मुकेश गुप्ता,नरेश चंद अग्रवाल,गोविंद अग्रवाल,शरद बंसल,मनोज बंसल ,प्रभात गुप्ता,पराग गर्ग समेत कई गणमान्य नागरिक इस आयोजन में सहयोग कर रहे हैं।

कलश यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा।

## टोल प्लाजा पर किसानों ने किया प्रदर्शन

### बड़ागांव में उतरने-चढ़ने की सुविधा और टोल फ्री मार्ग की मांग की, आंदोलन की चेतावनी दी

अमन लेखनी समाचार



बागपत, ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के बड़ागांव टोल पर किसानों ने धरना-प्रदर्शन किया। भारतीय किसान यूनियन (अंबावता) के बागपत जिला अध्यक्ष मनोज प्रधान के नेतृत्व में किसानों ने बड़ागांव टोल पर उतरने और चढ़ने की सुविधा की मांग की।मनोज प्रधान ने बताया कि गाजियाबाद से आने-जाने वाले वाहनों को खेकड़ा से बड़ागांव तक 16 किलोमीटर का अतिरिक्त सफर करना पड़ता है।जबकि बड़ागांव से खेकड़ा की सीधी दूरी मात्र 8 किलोमीटर है। उन्होंने मांग की कि बड़ागांव टोल पर सीधी सुविधा दी जाए। साथ ही खेकड़ा से बड़ागांव तक का मार्ग टोल-फ्री किया जाए। किसानों ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे।प्रदर्शन की सूचना पर 112 डायल पुलिस मौके पर पहुंची।प्रदर्शन में बिट्टू प्रधान, कन्नू त्यागी, प्रदीप त्यागी, अनमोल त्यागी, बबली प्रधान, नितिन प्रधान, कपिल गुर्जर समेत बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए।फिलहाल टोल पर किसानों का प्रदर्शन लगातार जारी है। अधिकारियों को मौके पर बुलाकर तुरंत समस्या के समाधान की मांग कर रहे हैं। वहीं किसानों का कहना है कि अगर उनकी मांगे पूरी नहीं हुई तो यह आंदोलन अनिश्चितकालीन होगा।

## होली पर डीजे विवाद में सुरक्षाकर्मियों की गुंडागर्दी

- ग्रेटर नोएडा की सोसाइटी में निवासियों से मारपीट करने वाले सिक्योरिटी इंचार्ज समेत 4 गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, ग्रेटर नोएडा वेस्ट की अम्रपाली लेजर पार्क सोसाइटी में होली के दौरान हुई मारपीट का मामला सामने आया है।बिसरख पुलिस ने सोसाइटी के सिक्योरिटी इंचार्ज, सुपरवाइजर और दो गार्डों को गिरफ्तार किया है। घटना होली के दिन की है।सोसाइटी में डीजे बजाने को लेकर विवाद शुरू हुआ। कुछ निवासियों के बीच पहले बहस हुई।इसके बाद सुरक्षाकर्मी बीच में आ गए।सुरक्षाकर्मियों ने होली खेल रहे लोगों पर लाठियां बरसाईं। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ।वीडियो में सुरक्षाकर्मी होली खेल रहे लोगों पर लाठियां बरसाते दिख रहे हैं।वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। थाना बिसरख पुलिस के अनुसार, सभी आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

## दो पक्षों में पथराव :युवती से छेड़छाड़ के विरोध में जमकर चले ईंट-पत्थर

### 10 गंभीर घायल, 7 हिरासत में लिये गये

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, मुरादनगर स्थित बंबा मार्ग पर युवती से छेड़छाड़ का विरोध करने पर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। दोनो पक्षों की ओर से करीब आधे घंटे तक पथराव हुआ।जिसका वीडियो भी लोगों ने बना लिया है।वीडियो में दिख रहा है कि दोनों ही पक्षों एक दूसरे पर पथराव कर रहे हैं।पथराव से 10 लोग घायल हो गये।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने के साथ ही मुकदमा दर्ज कर सात लोगों को हिरासत में लिया है। बंगा मार्ग आदर्श कॉलोनी में एक युवती अपने घर जा रही थी।आरोप है कि बीच रास्ते में एक युवक ने युवती पर टिप्पणी कर छेड़छाड़ की। जिसका उसने विरोध किया और यह बात अपने घर जाकर परिजनों को बताई।युवती पक्ष के लोगों ने जब युवक के परिजनों से शिकायत की तो उनमें विवाद हो गया। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के साथ गाली गलौज शुरू कर दी।इसके बाद दोनो पक्षों की ओर से आचानक पथराव होने लगा। जिसका मोहल्ले वालों ने वीडियो बना लिया। वीडियो में दिख रहा है कि एक पक्ष छत पर मौजूद है जबकि दूसरे पक्ष के लोग गली में नीचे हैं। और बड़े बड़े ईंट व पत्थर उठा-उठाकर एक दूसरे पर फेंके जा रहे हैं।साथ में गाली गलौज की आवाजें भी आ रही हैं।वीडियो में साफ दिख रहा है कि पथराव की वजह से कई लोग घायल हो गए हैं।वहीं मोहल्ले के लोग भी पथराव होता देख घरों में छिप गए।लोगों ने अपने घरों के दरवाजे बंद कर लिए। कई घरों की खिड़कियां और दरवाजे क्षतिग्रस्त हो गए। अचानक पथराव से कॉलोनी में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। करीब तीन मिनट तक दोनों पक्षों में पथराव हुआ। किसी ने मामला बढ़ता देख इसकी सूचना पुलिस को दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने लाठी फटकार कर झगड़ा कर रहे लोगों को खदेड़ा। एक पक्ष से मुर्सलीन, सोनम, सोहेल व दूसरे पक्ष से रानी, सुजैन, सलीम समेत दोनों पक्षों के दस लोग घायल हो गये।हालत गंभीर होने पर तीन को गाजियाबाद के लिए रेफर कर दिया गया है।

दोनों और से अभी तक मुरादनगर थाने में तहरीर नहीं दी गई है।युवती पक्ष का आरोप है कि युवक आए दिन अभद्रता व छेड़छाड़ करता रहता है। कई बार शिकायत करने के बाद भी वह अपनी हरकत से बाज नहीं आ रहा है। दोनों पक्षों के बीच कई बाद विवाद हो चुका है। दोनों पक्षों को कई बार कॉलोनी के लोग समझा चुके है।एसीपी मसूरी सर्किल लिपि नगायच का कहना है कि घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया।एसआई की शिकायत पर बलवे की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

## कोतवाली परिसर में युवक ने रील बनाई

### बुलंदशहर में जेल, कोर्ट और थाने में रील बनाने का बढ़ा क्रेज, पुलिस कर रही तलाश

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, युवाओं के अंदर रील बनाने का क्रेज इस कदर हावी है कि वह कानून और नियमों की जमकर धज्जियां उड़ा रहे हैं।

जहां चाहें , वहां यह युवा रील बना रहे हैं। कभी जेल के अंदर तो कभी कोर्ट परिसर में।कभी हाइवे पर तो कभी ओवरब्रिज पर।जहाँ मौका मिलता है। वहीं यह युवा रील बनाने लगते हैं।अब नया मामला कोतवाली परिसर का आया है।

यहां एक युवक ने उत्तेजित गाने पर रील बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड भी कर दी।अब यह रील तेजी से वायरल हो रही है।फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपी युवक की तलाश की जा रही है। बुलंदशहर में थाने के अंदर रीलबाज ने रील बना डाली। थाने की रील सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है।वायरल रील पर सांग बजाया है कि .. किसकी फील्डिंग लगानी से तेरा यार जमानत पर आया। पुलिस वायरल रील के आधार पर आरोपी की तलाश में जुटी ।थाना अरनिया परिसर में बेखौफ रीलबाज ने यह रील बनाई है। एसपी देहात रोहित मिश्रा का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर युवक की पहचान कर तलाश की जा रही है।युवक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## सोसाइटी में एंट्री को लेकर विवाद

### गार्ड से मारपीट करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार, सीसीटीवी से हुई पहचान

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, ग्रेटर नोएडा वेस्ट की ग्रीन आर्च सोसाइटी में गार्ड से मारपीट का मामला सामने आया है।पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना बिसरख क्षेत्र की ग्रीन आर्च सोसाइटी सेक्टर-16बी के गेट नंबर-1 पर हुई। आरोपी अभिषेक भंडारी को गार्ड ने सोसाइटी में प्रवेश करने से मना कर दिया। इसी बात को लेकर विवाद हुआ और आरोपियों ने गार्ड के साथ मारपीट की।घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।पुलिस ने स्थानीय जानकारी और सीसीटीवी फुटेज की मदद से तीनों आरोपियों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों में 30 वर्षीय प्रशांत बिष्ट, 20 वर्षीय अभिषेक भंडारी उर्फ लिटिल और 29 वर्षीय कार्तिक चौहान शामिल हैं। प्रशांत ग्रीन आर्च सोसायटी का रहने वाला है, अभिषेक दिल्ली के गांधीनगर का और कार्तिक गौर सिटी-2 का निवासी है।




पुलिस जांच में पता चला कि अभिषेक भंडारी को सोसाइटी में प्रवेश न देने पर विवाद शुरू हुआ।इसके बाद तीनों आरोपियों ने गार्ड से मारपीट की।पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## शराब पीकर बच्चों को स्कूल से भगाया, टीचर से बदसलूकी

### प्राइमरी स्कूल में शराब की बोतल लेकर पहुंचा व्यक्ति, 1 घंटे तक मचाया बवाल; गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, रोहटा थाना क्षेत्र के जिटौला प्राइमरी पाठशाला में घुसकर एक शराबी ने खूब उत्पात मचाया। स्कूल में पढ़ रही लड़कियों को क्लास से निकालकर भगा दिया ।शिक्षिकाओं के साथ बदसलूकी करते हुए गाली-गलौज की। सहायक अध्यापिका की तहरीर पर रोहटा पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। रोहटा थाना क्षेत्र के जिटौला गांव में प्राइमरी स्कूल है। पुलिस के मुताबिक, गांव का शिवकुमार उर्फ बबला गुर्जर शराब पीकर अर्धनग्न हालत में स्कूल पहुंच गया। शराबी बबला कमर में शराब की बोतल लगाए हुआ था। उसने बच्चों को क्लास से बाहर भगा दिया।इसके बाद सामने बैठी लेडी टीचर्स से बदतमीजी से बात की। फिर शराबी व्यक्ति स्कूल में लेडी टीचर्स और बच्चों के सामने जोर-जोर से चिल्लाने लगता है।लेडी टीचर्स बार-बार शराबी व्यक्ति से स्कूल के बाहर जाने को कहती हैं, तो वो वीडियो बनाती टीचर्स से उनका मोबाइल छीनने की कोशिश करता है। इसके साथ ही टीचर्स और बच्चों के सामने गाली-गलौज करने लगता है।स्कूल में शराबी व्यक्ति ने तकरीबन एक घंटे तक उत्पात मचाया। टीचर्स सहमी रहीं। बच्चे डरकर स्कूल से घर भाग गए।

# मालगाड़ी ने कंटेनर को मारी टक्कर, 100 मीटर घसीटा

## ट्रैक से चिंगारी निकली, क्रॉसिंग में फंस गया था




**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी में मालगाड़ी ने क्रॉसिंग पर फंसे कंटेनर को टक्कर मार दी। उसे 100 मीटर तक घसीटते हुए ले गई। हादसे में ट्रेन के लोको पायलट और कंटेनर के ड्राइवर घायल हो गए |हुआ यूं कि सोमवार रात 2 बजे ट्रेन आने की सूचना मिलते ही गेटमैन ने क्रॉसिंग बंद कर दी। इस दौरान कंटेनर चालक अंदर घुस गया, जिससे कंटेनर क्रॉसिंग के बीचों-बीच फंस गया। कंटेनर चालक ने गेटमैन से क्रॉसिंग खोलने को कहा, लेकिन उसने मना कर दिया |इसके बाद दोनों के बीच कहासुनी हो गई। तभी वाराणसी की तरफ से मालगाड़ी आ गई और कंटेनर में टक्कर मार दी। पूरी घटना निहालगढ़ रेलवे स्टेशन के रेलवे फाटक पर हुई। हादसे का वीडियो भी सामने आया है।

### बैरिकेडिंग टूटी, ट्रैक से चिंगारी निकली

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ओवरहेड इलेक्ट्रिक लाइन, बैरिकेडिंग और पोल टूट गए। ट्रेन के इंजन का शीशा भी टूट गया। 58 सेकेंड के वीडियो में दिख रहा है कि कंटेनर रेलवे फाटक के बीच में फंसा हुआ है। चालक बार-बार कंटेनर को आगे-पीछे करने की कोशिश कर रहा है। इसी बीच एक मालगाड़ी आती है और कंटेनर को टक्कर मारते हुए करीब 100 मीटर तक घसीट ले जाती है। टक्कर के दौरान ट्रैक से चिंगारी निकलने लगती है।

### हादसे में मालगाड़ी का इंजन भी डैमेज हो गया है

लखनऊ-सुल्तानपुर-वाराणसी रेलवे ट्रैक पूरी तरह बाधित हो गया। ट्रेनें अपनी जगह पर रुक गई हैं। रेलवे कर्मचारी ट्रैक की मरम्मत और कंटेनर को हटाने में जुटे हैं। हादसे के चलते रायबरेली-अयोध्या हाईवे पर दोनों तरफ जाम लग गया है।

### प्रशासन ने यातायात को डायवर्ट कर दिया गया है

अयोध्या की ओर से आने वाले वाहनों को रानीगंज से वारिसगंज होते हुए लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर भेजा जा रहा है। वहीं, रायबरेली, सुल्तानपुर और प्रतापगढ़ से अयोध्या जाने वाले वाहनों को जगदीशपुर चौराहा और श्री रामगंज चौराहा की तरफ से भेजा जा रहा।

### एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनों का परिचालन प्रभावित

लखनऊ-सुल्तानपुर-वाराणसी रेलवे ट्रैक पर रेल परिचालन प्रभावित हो गया। आलम यह रहा रहा कि मेमो ट्रेन, शटल एक्सप्रेस, कुंभ एक्सप्रेस, सुल्तानपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनल, बेगमपुरा एक्सप्रेस, कोटा-पटना एक्सप्रेस, फरक्का एक्सप्रेस, सद्भावना एक्सप्रेस और महामना एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग से गुजारा गया। इससे ट्रेनों पर सवार यात्रियों के साथ स्टेशन पर प्रतीक्षा कर रहे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### रेलवे कर्मचारी ट्रैक की मरम्मत में जुटे हैं

उत्तर रेलवे मंडल, लखनऊ के अधिकारी, रेलवे संरक्षा और सुरक्षा टीम मौके पर मौजूद हैं। लखनऊ मंडल के ऊफट एस शर्मा ने बताया- प्रारंभिक जांच में पता चला है कि कंटेनर ट्रैक पर फंसा हुआ था, जिससे मालगाड़ी टकरा गई। मामले की जांच की जा रही है। पटरियों और विद्युत लाइन को ठीक करने का काम जारी है। जल्द ही रेल यातायात बहाल कर दिया जाएगा।

# 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ शुरू, 22 मार्च तक चलेगा कार्यक्रम

**4 किमी लंबी कलश यात्रा में उमड़े हजारों श्रद्धालु**

**अमन लेखनी समाचार**



अमेठी में पांच दिवसीय 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की शुरूआत कलश यात्रा के साथ हुई। सिद्धपीठ देवीपाटन मंदिर से निकली इस भव्य यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। डीजे की धुन और घोड़ों की अगुवाई में निकली यात्रा दुगार्पुर रोड स्थित बघवरिया गांव के कार्यक्रम स्थल पर समाप्त हुई |महायज्ञ का समापन 22 मार्च को होगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत प्रदेश के कई मंत्रियों को आमंत्रित किया गया है। आयोजकों के अनुसार, प्रत्येक दिन प्रदेश सरकार का कोई न कोई मंत्री कार्यक्रम में शिरकत करेगा।

### शोभायात्रा से बन गई जाम की स्थिति

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष ने कार्यक्रम स्थल के मार्ग पर स्टॉल लगवाए हैं। इन स्टॉल पर भोजन और पेय पदार्थों की व्यवस्था की गई है। कलश यात्रा के दौरान लगभग चार किलोमीटर लंबी श्रद्धालुओं की कतार देखी गई। इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के जमा होने से अमेठी कस्बे में यातायात प्रभावित हुआ। स्कूली वाहनों सहित अन्य वाहन भी जाम में फंस गए।

# आठ वर्ष की उम्र में रमजान का रोजा रख मासूमों ने मांगीं दुआएं

**परिजनों ने फूल माला पहनाकर दी मुबारकबाद**

**अमन लेखनी समाचार**

मौदहा। रमजान में पवित्र महीने में मासूम बच्चों में रोजे रखने के लिए अलग ही उत्साह देखने को मिल रहा है। जिसमे नगर सहित क्षेत्र के अलग-अलग मोहल्लो में मासूम बच्चो ने रमजान का रोजा रख खुशहाली और तरक्की की दुआएं मांगी है। जिस पर बच्चों के परिजनों ने उन्हें फूल-माला पहनाकर ढेर सारी मुबारकबाद दी। क्षेत्र के कम्हरिया गांव निवासी बाबा निजामी के सज्जादानशीन हाफिज रफीक उद्दीन निजामी बावा की दो बेटियां तैबा व मुबस्सरा ने अपनी आठ व सात वर्ष की उम्र में अपना पहला रोजा रख कर परिवार की खुशियों में चार चांद लगा दिए। जिसपर बच्चों ने माता पिता की इजाजत मिलने के उपरान्त उसने रात में खुशी खुशी सहरी की और रोजा रख लिया। जिसपर दोनों मासूमों के सफलतापूर्वक रोजा रखने पर उत्साहित परिजनों का खुशी का ठिकाना नहीं था और घर पर अलग-अलग किस्मों के कई पकवान बनाकर दोनों मासूमों को फूल माला पहनाकर ढ़ेर सारी मुबारकबाद दी।

# जिला गंगा समिति एवं जिला वृक्षारोपण/ पर्यावरण समिति की बैठक हुई आयोजित

## ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग करने वालों पर कार्यवाही अमल में लाई जाए

**अमन लेखनी समाचार**



अमेठी जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा समिति एवं जिला वृक्षारोपण/पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित हुई। जिला गंगा समिति की बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी ने जिला गंगा समिति द्वारा गंगा नदी और इसकी प्रमुख सहायक नदियों के पुनरुद्धार, संरक्षण, मरम्मत और पुनर्वासन के लिए किए जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों को निर्देशित किया कि नदियों के किनारे एवं घाटों पर नियमित सफाई हो तथा नदियों में कचरा आदि न डाला जाये। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वह अपने कार्यालय भावनों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से स्थापित कराएं जिससे वर्षा जल का संरक्षण किया जा सके। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त विद्यालयों के जल की गुणवत्ता अनिवार्य रूप से जांच करा लें। उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि नदियों के जल की भी गुणवत्ता जांच कर लें। औद्योगिक क्षेत्र से निकलने वाले कचरा/वेस्टेज को नदी व जलाशयों इत्यादि में न फेंकें व उनका निस्तारण मानक अनुरूप कराया जाना सुनिश्चित करें। इसके उपरांत जिलाधिकारी में पर्यावरण संरक्षण को लेकर अधिक से अधिक वृक्ष लगाए जाने हेतु जनपद में वृक्षारोपण के लिए स्थान चिन्हांकन, गढ्ढा खुदाई तथा वृक्षों की कटाई न करने के निर्देश प्रभागीय वनाधिकारी को दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि अधिक तीव्रता वाले ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग करने वालों पर कार्यवाही अमल में लाई जाए, इसकी समय-समय पर जांच की जाए।

# टीबी बुखार से पीड़ित महिला को अस्पताल में नहीं मिला बेड, जमीन पर लेटी

**मीडिया के सक्रिय होने पर मिला बेड**

**अमन लेखनी समाचार**

भरुआ, सुमेरपुर। क्षय रोग का उपचार कराने आई महिला को अस्पताल कर्मियों ने तेज बुखार होने पर बेड नहीं मुहैया कराया। महिला पति के साथ अस्पताल के बाहर आकर जमीन पर लेटकर बुखार उतरने का इंतजार करने लगी। यह वाक्या राज्य महिला आयोग की सदस्य के निरीक्षण के दौरान मीडिया ने कैमरे में कैद किया। मीडिया की नजर में मामला आने के बाद स्वास्थ्य कर्मियों ने उसे जमीन से उठाकर बेड में ले जाकर लिटाया।

पत्योरा निवासी मुन्ना निषाद की पत्नी मीरा क्षय रोग की बीमारी से ग्रसित है। मंगलवार को यह पति के साथ नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बीमारी की दवा लेने आई थी। इसको तेज बुखार था। डॉक्टर ने उसे दवा मुहैया करा दी लेकिन बुखार होने के बावजूद उसे बेड नहीं दिया। तेज बुखार होने के कारण महिला चलने में असहाय थी। वह पति के साथ अस्पताल के बाहर दवा वितरण खिड़की के बगल में जमीन पर लेट गई। इसी बीच राज्य महिला आयोग की सदस्य अस्पताल के निरीक्षण में आ गई। परंतु उनकी नजर इस गरीब असहाय मजबूर महिला की दशा पर नहीं पड़ी। आयोग की सदस्य के निरीक्षण के कवरेज को पहुंचे मीडिया ने महिला को कैमरे में कैद किया। मीडिया के कैमरे में महिला के कैद होते ही अस्पताल कर्मियों में हड़कंप मच गया। स्वास्थ्य कर्मियों ने आनन फानन में उसे जमीन से उठाकर बेड में ले जाकर लिटाया। महिला आयोग की सदस्य से जब मीडिया ने सवाल किया तो उन्होंने स्वीकार किया कि यह अव्यवस्थाएं हैं। इसको ठीक करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों का फीडबैक भी बहुत अच्छा नहीं समझ में आया है। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. पुष्पेन्द्र ने कहा कि पीड़िता को दवा देने के बाद अस्पताल में रुकने के लिए कहा गया था। वह स्वेच्छा से बाहर जाकर लेट गई थी। बेड न देने की बात निराधार है।

# वृद्ध की हत्या में पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**बहू की तहरीर पर हुआ मुकदमा**

**अमन लेखनी समाचार**

भरुआ, सुमेरपुर। सोमवार को सुबह घर में घुसकर हुई मारपीट पर वृद्ध की मौत के बाद पुलिस ने बहू की तहरीर पर पांच के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमा दर्ज होते ही सभी भूमिगत हो गए हैं।

सोमवार को इंगोहटा निवासी अजीत पुत्र संतोष, संतोष पुत्र सोनेलाल, सनिया पुत्र रमेश, रूपा पत्नी संतोष, रामबाबू पुत्र अज्ञात ने गांव निवासी राम सिंह के घर में घुसकर लाठी डंडों से जमकर पीटा था। अस्पताल ले जाते समय राम सिंह ने रास्ते में दम तोड़ दिया था। मृतक की बहू राम देवी ने स्थानीय पुलिस पर कार्यवाही न करने का आरोप लगाकर पुलिस अधीक्षक डा. दीक्षा शर्मा से न्याय की गुहार लगाई थी। पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच सीओ सदर राजेश कमल को सौंपकर कार्यवाही के निर्देश दिए थे। जांच के बाद मामला सही पाए जाने के बाद पुलिस ने रामदेवी की तहरीर पर अजीत, संतोष, सनिया, रूपा, रामबाबू के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। जांच में सामने आया है कि अजीत के सिर में लाठी मारने से राम सिंह की मौत हुई है। मुकदमा दर्ज होते ही सभी आरोपी भूमिगत हो गए हैं। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

# अधिवक्ता के आवास से 20 लाख के जेवर एवं नगदी चोरी

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। बीती रात क्षेत्र के ग्राम सिमनौडी में अज्ञात चोरों ने अधिवक्ता के मकान में घुसकर 20 लाख कीमत के सोने चांदी की जेवरात के साथ 20 हजार की नगदी कमरे एवं बक्से का ताला तोड़कर चोरी कर ली और फरार हो गए। चोरी की भनक सुबह गृह स्वामी की नींद खुलने पर लग सका। पीड़ित अधिवक्ता ने पुलिस को तहरीर सौपी है। सिमनौडी निवासी रामकिशुन यादव जजी में अधिवक्ता हैं। यह गांव से ही प्रतिदिन जाकर प्रैक्टिस करते हैं। बीती रात यह घर पर पत्नी एवं पुत्रियों के साथ मौजूद थे। रात में सभी खाना खाकर अलग-अलग कमरों में सो रहे थे। अज्ञात चोर मकान की दीवाल फादकर अंदर घुस आए और कमरे का ताला तोड़कर बक्से में रखे 20 लाख कीमत के सोने चांदी की जेवरात एवं 20 हजार नगद चोरी करके फरार हो गए। पीड़ित अधिवक्ता ने पुलिस को तहरीर सौपी है। पुलिस ने गांव पहुंचकर मौका मुआयना के बाद जल्द खुलासे का आश्वासन दिया है। गांव में हुई चोरी की बड़ी वारदात से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है। एसआई को गांव भेजा गया है। जांच कराई जा रही है।

# अमेठी में नशा तस्कर गिरफ्तार किया गया

● 42 ग्राम स्मैक के साथ शातिर अपराधी को पकड़ा, 7 मुकदमे दर्ज

**अमन लेखनी समाचार**



अमेठी पुलिस ने नशा मुक्त अभियान के तहत एक बड़ी कार्रवाई की है। मोहनगंज थाना पुलिस ने 17 मार्च को एक शातिर अपराधी को 42 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान रायबरेली के महराजगंज थाना क्षेत्र के असरफाबाद निवासी रामबृक्ष के रूप में हुई है। 20 वर्षीय आरोपी को उप निरीक्षक धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने क्षेत्र में चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया। रामबृक्ष का आपराधिक रिकॉर्ड काफी लंबा है। उस पर पहले से सात मुकदमे दर्ज हैं। इनमें चोरी, हथियार रखने, नशीले पदार्थों की तस्करी और अपहरण जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं। इन मामलों में से अधिकतर रायबरेली के महराजगंज और मिलएरिया थाना क्षेत्र में दर्ज हैं |मोहनगंज पुलिस आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रही है। यह गिरफ्तारी नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत की गई है, जिसके अंतर्गत पुलिस नशीले पदार्थों की तस्करी और बिक्री पर कड़ी नजर रख रही है।

# अग्निवीर भर्ती के लिए सेना ने शुरू किया रजिस्ट्रेशन

## 10 अप्रैल तक करना होगा आवेदन, जानें जरूरी दस्तावेज

**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू हो गया है। सेना भर्ती कार्यालय अमेठी के कर्नल एस.के. मोर के अनुसार पंजीकरण पोर्टल 12 मार्च 2025 से खुला है। इच्छुक उम्मीदवार 10 अप्रैल 2025 तक आवेदन कर सकते हैं।

उम्मीदवारों को सेना की आधिकारिक वेबसाइट www. joinindian army .nic.in पर जाना होगा। वहां JIA में नया खाता बनाना या मौजूदा आईडी से लॉगिन करना होगा |आवेदन के लिए 250 रुपए का शुल्क देना होगा। इसके बाद ऑनलाइन CEE का प्रवेश पत्र डाउनलोड किया जा सकेगा।




### सेना ने स्पष्ट किया है कि भर्ती प्रक्रिया नि:शुल्क है

किसी बिचौलिए या दलाल को पैसे न दें। परीक्षा में सफलता केवल उम्मीदवार की योग्यता पर निर्भर करेगी। भर्ती से जुड़े दस्तावेज केवल भर्ती कार्यालय से ही मिलेंगे।

### आवेदन के लिए जरूरी दस्तावेज हैं

आधार कार्ड, आधार से लिंक मोबाइल नंबर, दसवीं की मार्कशीट और उच्च शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र। साथ ही मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, फोटो और हस्ताक्षर की स्कैन कॉपी भी चाहिए। वर्तमान ईमेल आईडी भी जरूरी है।

भर्ती विभिन्न पदों के लिए होगी। इनमें सैनिक तकनीकी नर्सिंग सहायक, अग्निवीर सामान्य ड्यूटी, क्लर्क/स्टोर कीपर, तकनीकी और ट्रेड्समैन शामिल हैं। भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह कंप्यूटर आधारित और पारदर्शी है। इसमें कोई मानवीय हस्तक्षेप नहीं होगा।

# सिंहपुर में 18 नई आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों की नियुक्ति

● ब्लॉक प्रमुख ने दिए नियुक्ति पत्र, कहा– सेवाभाव से करें काम

**अमन लेखनी समाचार**



अमेठी के सिंहपुर विकास खंड में 18 नई आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र दिए गए। विकास खंड के सभागार में आयोजित समारोह में ब्लॉक प्रमुख अंकित पासी ने बतौर मुख्य अतिथि नवनियुक्त कार्यकत्रियों को प्रमाण पत्र सौंपे |ब्लॉक प्रमुख पासी ने कार्यकत्रियों से कहा कि वे निष्ठा और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं को हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। जेहटा उसरहा, इन्हौना, टेढ़ई, पन्हौना समेत कई गांवों में इन नियुक्तियों से रिक्त पदों की पूर्ति हुई है |खंड विकास अधिकारी कमलेश यादव ने कार्यकत्रियों को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। बाल विकास परियोजना अधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि नई कार्यकत्रियों को जल्द ही प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम में मोहम्मद इलियास, अमरजीत पाल, विनीता शुक्ला और रेखा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। नियुक्ति पत्र पाकर सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के चेहरे खिल उठे।

# राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी ने की बैठक

## प्रत्येक बूथ पर बूथ लेवल एजेंट बनाए जाने के संबंध में दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**अमन लेखनी समाचार**



अमेठी जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी निशा अनंत ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार प्रत्येक बूथ पर सभी राजनैतिक दलों द्वारा बूथ लेवल एजेंट बनाए जाने हैं इस संबंध में आप सभी से अनुरोध है कि शीघ्र अति शीघ्र जनपद के प्रत्येक बूथ पर बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करते हुए उसकी सूची निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराएं जिस पर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि एक सप्ताह के अंदर सभी बूथों पर बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करते हुए उसकी सूची निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध करा दी जाएगी। इसके साथ ही बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि आप लोगों को वोटर लिस्ट उपलब्ध कराई गई है उसका भलीभांति अध्ययन कर लें यदि किसी का नाम दो बार हो तो उसकी सूचना उपलब्ध कराएं जिससे मतदाता सूची को त्रुटिरहित किया जा सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं से संतुष्ट नहीं दिखी राज्य महिला आयोग की सदस्य

**बुधवार को सीएमओ को तलब कर करेंगी वार्ता**

**अमन लेखनी समाचार**

भरुआ, सुमेरपुर। कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के औचक निरीक्षण में आई महिला राज्य आयोग की सदस्य यहां की व्यवस्थाओं से संतुष्ट नहीं नजर आयीं। उन्होंने कहा कि वह बुधवार को सीएमओ को तलब करके अव्यवस्था पर चर्चा करेंगी।

मंगलवार को दोपहर में राज्य महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी ने कस्बे के नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं बांकी मार्ग स्थित पुराने अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्होंने दवा स्टाक के अलावा डॉक्टरों की तैनाती की जानकारी लेकर व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने कहा कि वह यहां की व्यवस्थाओं से संतुष्ट नहीं हैं। यह अस्पताल महज रेफर सेन्टर है। यहां किसी तरह की सुविधायें नहीं हैं। उन्होंने कहा कि वह बुधवार को सीएमओ को तलब करके यहां की व्यवस्थाओं पर चर्चा करेंगीं। इस मौके पर भाजपा नेत्री ज्योत्सना सिंह, नीलम बाजपेई, अमित गुप्ता मौजूद रहे। महिला आयोग की सदस्य के निरीक्षण के समय डा. तरुण पाल, डा. परवेज कादरी, डा. शमा परवीन के अलावा समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# अपहरण, रंगदारी और अवैध वसूली के मामले में चार नामजद

**अमन लेखनी समाचार**

मौदहा। दबंगों के भय से गांव छोड़कर कस्बे में रह रही महिला ने अपहरण और अवैध वसूली सहित रंगदारी मांगने का आरोप लगाकर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। जिस पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

मौदहा कोतवाली क्षेत्र के कम्हरिया निवासी शहनाज बानो पत्नी फय्याज उददीन ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि गांव के ही दीवान अहमद उर्फ लाला भाउ, जमील उददीन, वली मोहम्मद उर्फ वलिया और शोयब लगातार उससे रंगदारी मांग रहे थे। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि उक्त लोग पेशेवर अपराधी हैं और क्षेत्र के विभिन्न थानों में दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं लेकिन उक्त दबंग उसके साथ ही काफी लोगों से रंगदारी मांगते हैं। जिसके डर के चलते उसने गांव छोडकर मौदहा में रहना शुरू कर दिया लेकिन उक्त लोग फिर भी अवैध वसूली करने से बाज नहीं आ रहे। पीडिता ने कहा है कि एक दिन पीड़िता के इकलौते बेटे का अपहरण करने का भी प्रयास किया गया था। जिस फोर व्हीलर में उक्त दबंगों ने उसके पुत्र का अपहरण करने की कोशिश की उसमें उक्त लोगों के साथ ही अन्य लोग भी मौजूद थे। पीड़िता ने बताया कि जब उन्होंने उसके बेटे का अपहरण किया और पचास हजार रुपये मांगे तो पीड़िता ने पैंतीस हजार रुपये दिए थे। कोतवाली प्रभारी उमेश सिंह ने बताया कि चारों आरोपियों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।


**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।


**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews @gmail.com



**स्पेशलः** इंटरनेशनल-डे ऑफ हैप्पीनेस

खुश रहना जीवन की सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। स्वस्थ जीवन के लिए खुशी बहुत जरूरी है। खुश इंसान शारीरिक-मानसिक रूप से स्वस्थ रहकर न सिर्फ अपना जीवन संवारता है, दूसरों की भी संभाल और देखभाल कर सकता है। आपसी केयरिंग-शेयरिंग इंसान को बहुत बड़ा संबल देती है। शायद इसीलिए इस साल इंटरनेशनल-डे ऑफ हैप्पीनेस की थीम है- शेयरिंग इज केयरिंग। यह बात आज के दौर में तब और ज्यादा मायने रखती है, जब समाज-परिवार में आपसी संवाद और अपनेपन के भाव कम होते जा रहे हैं।

# संभाल-साझेदारी के भाव देते हैं खुशियां

कवर स्टोरी

डॉ. मोनिका शर्मा

खुश रहना खुद के प्रति भी एक जिम्मेदारी है। खुश रहकर ही खुशहाल परिवेश बनाया जा सकता है। खुशमिजाज अभिभावक ही नई पीढ़ी को खुशियों की विरासत दे सकते हैं। खुश रहने से सेहत अच्छी रहती है। स्वस्थ इंसान ही अपने से जुड़े लोगों की केयर कर सकता है। खुशियां अपने साथ हर तरह की सुखदायी सौगात लेकर आती हैं। यही वजह है कि थोड़ा ठहर कर मन को समझने की जरूरत होती है। भावनाओं की दिशा को आंकने की दरकार होती है। नाखुशी के कारण जानने की कोशिश आवश्यक है। इंटरनेशनल-डे ऑफ हैप्पीनेस ऐसी ही बातें याद दिलाती है।


## जरूरी हैं संभाल-साझेदारी के भाव

साल 2025 में इंटरनेशनल-डे ऑफ हैप्पीनेस की थीम 'शेयरिंग इज केयरिंग' है। यानी संभाल-देखभाल और साझेदारी के इमोशंस से जुड़ी है। यह सब्जेक्ट मेंटल हेल्थ से लेकर रिश्तों और शारीरिक स्वास्थ्य से जुड़े पहलुओं को भी संबोधित करता है। साझेदारी और संभाल दोनों ही बातें व्यक्तिगत ही नहीं, पूरे समाज की खुशहाली से जुड़े भाव हैं। इतना ही नहीं, शेयरिंग और केयरिंग का भाव एक-दूजे से भी गहराई से जुड़ा है। मन जीवन से जुड़ी बातों और हालातों को साझा करने से संभाल देखभाल की राह निकलती है।

## खुशियों की साझी बुनियाद

दिल की बात कहना, समझाइश देना, समय निकालना या कोई काम की चीज देकर सहयोग करना शेयरिंग है। इसी की बुनियाद पर केयरिंग सोच के इमोशन भी टिके हैं। अपने दिल के भाव साझा करना विश्वास और सम्मान से जुड़ा है। वहीं किसी को समझने-जानने के लिए समय निकालने का भाव केयरिंग है। यह खुशियां पाने की साझी बुनियाद है। शेयरिंग और केयरिंग से जुड़े इमोशंस बहुत पॉजिटिव होते हैं। भरोसे की नींव मजबूत करते हैं। दो इंसानों में ही नहीं, पूरे समाज में सहयोग की भावना बढ़ाते हैं। एक-दूसरे की परवाह करने की सोच को बल देते हुए हर परिस्थिति को सहज बनाए रखने वाले इमोशंस हैं।







समझना मुश्किल नहीं, इन बातों से हर इंसान को खुशी ही मिलती है। ऐसे हालातों में सभी के लिए सहजता से खुशियों को जीने की राह निकलती है।

## केयरिंग कल्चर की जरूरत

मौजूदा दौर में सचमुच केयरिंग कल्चर को अपनाने की आवश्यकता है। किसी घर में बच्चे अकेले समय बिता रहे हैं तो कहीं बुजुर्गों को सेवा-सुश्रूषा नहीं मिल पा रही है। ऐसे में एक दूजे की केयर करने और साथ देने का भाव हर किसी को खुशी ही देगा। यों भी सुख-दुख साझा करने से ही खुशियां पाई जा सकती हैं। देखभाल की इस संस्कृति को विस्तार देने का पहला पड़ाव शेयरिंग ही है। आपसी संवाद से अपनेपन का भाव आता है। आपाधापी भरी जिंदगी में तो आस-पड़ोस में भी आपसी संवाद की कड़ी टूट गई है। परिवार के सदस्य भी एक-दूसरे से कम ही बतियाते हैं। कहना गलत नहीं होगा कि इस अलगाव के साथ ही नाखुशी भी विस्तार पा रही है। अनहैप्पी लोगों के आंकड़े भी बढ़ रहे हैं। हर उम्र के लोग अकेलेपन और अवसाद के घेरे में हैं। इसीलिए मन की परेशानियां साझा करने के साथ ही केयरिंग कल्चर को बढ़ावा देना भी जरूरी है। पारस्परिक निर्भरता से बनने वाला सहयोगी परिवेश सभी की झोली में खुशियां भर देता है।

## खुशियों का स्वागत

हाल के वर्षों में दुनिया के हर समाज में ही असंतोष, चिंता, उदासी, गुस्से और अपराधबोध के इमोशंस बढ़े हैं। लोग खुश रहने और दूसरों को खुश रखने वाले सहज व्यवहार को भूल रहे हैं, जबकि वैज्ञानिक अध्ययन भी कहते हैं कि दोस्तों और परिवार का साथ देने वाले लोगों की मेंटल और फिजिकल हेल्थ बेहतर रहती है। यह जुड़ाव जितना गहरा होगा, इंसान उतना ही अच्छा महसूस करता है। यानी शेयरिंग और केयरिंग दूसरों को खुशी देने का ही नहीं, खुद को खुश रखने का भी रास्ता है। उदार सोच अपने मन को भी तनाव से दूर रखती है। यह भाव कॉमन खुशियों को न्योता देने वाला है, क्योंकि लोगों की खुशी पूरे समाज की खुशहाली से जुड़ी है। इसीलिए हैप्पीनेस के स्वागत के लिए किसी दोस्त की सहायता करने और इमोशनल सपोर्ट देने का भाव रखें। जरूरतमंद इंसान की मदद करने के मोर्चे पर डटें। उदासी से जूझते किसी इंसान के साथी बनें। जितना संभव हो उचित सलाह देने का प्रयास करें। आम-सा लगने वाला यह मेल-जोल हर किसी को खुशी ही देता है।

# अपनी मम्मी के साथ टीनएज गर्ल्स क्यों करती हैं मिसबिहेव

बिहेवियर

नीलम अरोड़ा



एक समय था सविता और उसकी टीनएज बेटी प्रियंका के बीच आए दिन तकरार होती थी। स्कूल की क्लास बंक करना, ट्यूशन की क्लास बंक करना, जिनके साथ सविता मना करती थी, उनके साथ इधर-उधर घूमना, कमरा बंद करके अपनी फ्रेंड्स के साथ घंटों बातचीत में लगे रहना, इन आदतों से सविता अकसर उसे डांटती रहती थी। बीच-बीच में सविता और उसकी बेटी के साथ रिश्ते काफी खराब हो गए थे। आज सविता की बेटी पचीस साल की एक समझदार, सुलझी हुई और अपने करियर के प्रति बहुत सीरियस युवती है। आज सविता को समझ में आ चुका है कि अकसर बेटियां और मांएं क्यों एक लंबा समय तनाव के बीच गुजारती हैं।

**मां-बेटी के बीच क्यों रहता है तनावः** टीनएज में जहां बेटियां हार्मोनल परिवर्तन का सामना कर रही होती हैं, वहीं मांएं भी बेटियों के मूड स्विंग, चिड़चिड़ापन और बात-बात पर कटाक्ष और मिसबिहेव से खीजती हैं। मांएं अपनी बेटियों पर कंट्रोल करना चाहती हैं, लेकिन बेटियां उनको सुनने को तैयार नहीं होतीं। बेटी की अनमैच्योरिटी और उसमें समझ की कमी मांओं को और ज्यादा तनावग्रस्त करती है। एक-दूसरे के प्रति शिकवा-शिकायतें, गलतफहमियां रहती हैं। नतीजा यह होता है कि दोनों के बीच लंबे समय तक बातचीत बंद हो जाती है। कई बार तो किशोर बेटी मां से बहुत दूर होती जाती है। सविता की तरह बहुत-सी मांएं अपनी टीनएजर बेटी के मिसबिहेव को सहती हैं, तनाव में रहती हैं।



**क्या करें टीनएजर के पैरेंट्सः** टीनएज में लड़कियों के मूड या व्यवहार में अचानक परिवर्तन दिखता है। ऐसे में मांओं को समझदारी के साथ गहराई से सोचना चाहिए कि बेटी छोटी-छोटी बातों पर क्यों गुस्सा हो जाती है? दरअसल, टीनएज में जब बच्चे अपने अलग व्यक्तित्व और पहचान को प्रकट करना चाहते हैं तो पैरेंट्स की नसीहतें उन्हें अपनी आजादी में खलल लगती है, जिसकी वजह से मां-बेटी के रिश्तों में कड़वाहट आ जाती है। ऐसे में मां को ही समझदारी से काम लेना चाहिए। अगर टीनएज बेटी के ड्रेसिंग या अन्य एक्टीविटीज के बारे में मां को कोई परेशानी या आपत्ति है तो बेटी को अपने बारे में कुछ डिसीजन लेने की छूट दें, लेकिन कुछ सीमाओं के साथ।

**पीयर प्रेशर का सामनाः** आजकल के टीनएज बच्चे पीयर प्रेशर, समाज में अपनी स्थिति, एजुकेशन, करियर और अन्य दूसरी चीजों के कारण तनाव और दबाव पहले की तुलना में ज्यादा महसूस करते हैं। इस तरह की बातें टीनएज लड़कियों को चिड़चिड़ी और तनावग्रस्त बनाती हैं। इन सबका गुस्सा अकसर टीनएज बेटियां अपने मम्मी-पापा पर उतारती हैं, वे अपनी मम्मी से चिढ़ने लगती हैं। पैरेंट्स के रूप में मांओं को उन पर पड़ने वाले दबावों के प्रति सजग रहते हुए उनकी मानसिक स्थिति को समझना चाहिए। क्योंकि कभी-कभी दुख और अवसाद के क्षणों में हमें भी ऐसे महसूस होता है कि कोई तो हमारी सुने, तो फिर अपनी बेटी की शिकायत हमें क्यों परेशान करने वाली लगती है? चीजों को देखने का नजरिया उसका भले ही मैच्यौर न हो, लेकिन उसकी भावनाएं तो मायने रखती हैं। 'तुम इतना परेशान क्यों हो' कहने की बजाय 'हां, मैं समझ सकती हूं, तुम परेशान हो, मैं तुम्हारी क्या हेल्प कर सकती हूं?' कहकर आप उसका मन हल्का कर सकती हैं।

**बेटी के साथ रखें अच्छा कम्युनिकेशनः** बेटी के साथ कम्युनिकेशन का रास्ता हमेशा खुला रखें। टीनएज बेटी के साथ ज्यादा सख्त व्यवहार स्थिति को और नाजुक बना सकता है। इस बात को मांएं याद रखें, उनकी बेटी तो बड़ी हो रही है लेकिन वे स्वयं बड़ी हैं।

इंटीरियर

रेखा

वैसे तो घर में फ्लोरिंग कराने के कई ऑप्शंस अवेलेबल हैं। लेकिन अगर आप कम बजट में अट्रैक्टिव लुक चाहती हैं तो वुडेन फ्लोरिंग अच्छा ऑप्शन हो सकता है।

# वुडेन फ्लोरिंग घर को दे अट्रैक्टिव लुक



आज के समय में बहुत लोग अपने घरों में महंगे मार्बल्स की जगह लकड़ी से बनी फर्श बनवाना पसंद करते हैं। इसे वुडेन फ्लोरिंग कहा जाता है। इससे घर का इंटीरियर लुक ही बदल जाता है। यही वजह है कि इन दिनों वुडेन फ्लोरिंग काफी ज्यादा चलन में हैं।

**ट्रेंड में है वुडेन फ्लोरिंग :** इन दिनों वुडेन फ्लोरिंग काफी ज्यादा ट्रेंड में है। ज्यादातर लोग इसे पसंद कर रहे हैं। खास बात यह है कि वुडेन फ्लोरिंग अपनी इंसुलेटिंग क्षमता के कारण लंबे समय तक खराब नहीं होती। इसे केवल 3-4 घंटों में ही रेडी किया या जा सकता है, क्योंकि तख्तों को एक-दूसरे के साथ एक विशेष बॉन्डिंग के साथ जोड़ते हुए इंटरलॉक किया जाता है। इसे लगाना आसान है। इसे लगाने पर लॉक करने के लिए 'टंग एंड ग्रूव' तकनीक या किसी चिपकाने वाले पदार्थ अथवा कीलों का प्रयोग करते हैं। बाजार में डिफरेंट पैटर्न और लुक में आपको वुडेन फ्लोरिंग के ऑप्शंस मिल जाएंगे।



**डिजाइनर नक्काशीः** इसे कवर्ड पैटर्न भी कहते हैं। इस पैटर्न में लकड़ी पर डिजाइनर नक्काशी की जाती है। यह एक बेहद खूबसूरत कला है। डिजाइनर नक्काशी वाली वुडेन फ्लोरिंग की कलर और अपीयरेंस, सूरज की रोशनी में और चमक उठता है।

**बॉक्स डिजाइंड पैटर्नः** इसे परक्यूट पैटर्न भी कहते हैं। फ्लोरिंग का यह पैटर्न आपके रूम को बिल्कुल नया और वार्म लुक देता है। बॉक्स डिजाइंड का यह पैटर्न चेस बोर्ड की तरह लाइट और ब्राइट कलर कॉम्बिनेशन में आता है, जिससे रूम को बहुत डिफरेंट और अट्रैक्टिव लुक मिलता है।

**हीरिंगबोन पैटर्नः** यह पैटर्न जिग-जैग डिजाइन में मिलता है। यह पैटर्न घर को रैंडम लुक देता है। वुडेन का क्रीमिश कलर मैचिंग दीवारों के साथ खूब फबता है।

**बॉर्डर पैटर्नः** वुडेन फ्लोरिंग का यह पैटर्न आपके फ्लोर के बॉर्डर को आउटलाइन करता है। इससे कमरे को फॉर्मल लुक मिलता है। अगर आप बिना डिजाइन की फ्लोरिंग चाहती हैं, तो इस वुडेन पैटर्न को चूज कर सकती हैं।

**जब संभव न हो रियल वुड फ्लोरिंगः** अगर आपको लगता है कि रियल वुडेन फ्लोरिंग आपके बजट में नहीं है, तो इस बात को लेकर अफसोस करने की जरूरत नहीं है कि आप अपने घर को खूबसूरत लुक नहीं दे पाएंगी। आधुनिक तकनीक की वजह से आज बाजार में ऐसी फ्लोरिंग उपलब्ध हैं, जो वुडेन न होने के बावजूद उस जैसी ही लगती हैं। इसे लगाकर आप कम खर्च में हार्डवुड जैसा एलिगेंट लुक डेकोर में ला सकती हैं। ये डिजाइन विनायल प्लैंक फ्लोरिंग यानी पॉली विनायल क्लोराइड (पीवीसी) से बनी होती है। यह एक बहुत ऊंची क्वालिटी का प्लास्टिक होता है, जिसके पीछे चिपकाने वाला पदार्थ लगाकर फ्लोर पर चिपका दिया जाता है। देखने में बिल्कुल हार्डवुड जैसी लगने वाली यह वुडेन फ्लोरिंग, वाटरप्रूफ भी होती है और इस पर दीमक भी नहीं लगती है।

### • वुडेन फ्लोरिंग की ऐसे करें केयर

वुडेन फ्लोरिंग पर जमी धूल-मिट्टी को साफ करने के लिए सूखे कपड़े से ही पोंछें। हर 5-6 साल के अंतराल पर फर्श को पॉलिश जरूर कराएं। अगर कमरे की फर्श पर धूप आती है, तो वहां परदे का इस्तेमाल करें, क्योंकि धूप से लकड़ी का रंग फीका पड़ सकता है। फर्श पर पानी इकट्ठा न रहने दें, क्योंकि इससे लकड़ी खराब हो सकती है।



हेयर केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# बालों की समस्याएं दूर करने में कारगर है नीबू





बढ़ते पॉल्यूशन और केमिकल बेस्ड प्रोडक्ट्स यूज करने की वजह से बहुत सी महिलाएं कम उम्र में ही बाल सफेद होने की समस्या का सामना करने लगती हैं। इस समस्या को दूर करने के लिए यूज किए जाने वाले कई हेयर केयर प्रोडक्ट्स की वजह से बालों में अन्य प्रॉब्लम्स जैसे-डेंड्रफ, रूखे-कमजोर बाल, बालों का झड़ना, शुरू हो सकती हैं। इन सभी प्रॉब्लम्स से बचने के लिए आप नीबू का अलग-अलग तरह से यूज कर सकती हैं।

**नीबू का रस-कैस्टर ऑयलः** बाउल में एक चम्मच कैस्टर ऑयल (अरंडी का तेल) में तीन से चार बूंदें नीबू का रस मिलाकर उसे हल्का गुनगुना कर लें। इस मिश्रण से स्कैल्प पर अच्छे से मसाज करें फिर इसे आधे घंटे तक छोड़ दें। इसके बाद माइल्ड शैंपू से धो लें। इस मिश्रण को हफ्ते में दो-तीन बार लगाने से बेहतर परिणाम मिलेगा।

**नीबू रस-नारियल तेलः** किसी बाउल में एक बड़ा चम्मच नीबू का रस लें, उसमें एक बड़ा चम्मच नारियल का तेल मिलाएं। इस मिश्रण को स्कैल्प में अच्छे से लगाएं। फिर हल्के हाथों से मसाज करें। फिर आधे घंटे बाद बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें। जरूरत पड़ने पर कंडीशनर लगाएं। आप हफ्ते में सिर्फ एक बार ही इसे अप्लाई करें। इससे असमय बाल सफेद होना रुकेगा।

**नीबू रस-मेथी हेयर पैकः** अगर आप डेंड्रफ की समस्या से जूझ रही हैं तो नीबू के रस में मेथी दानों का पेस्ट बनाकर हेयर पैक बना लें। इस हेयर पैक को स्कैल्प पर लगा कर कुछ मिनटों के लिए छोड़ दें। बाद में ताजे पानी से धो डालें। इससे बालों को पोषण मिलेगा और डेंड्रफ से भी छुटकारा मिलेगा।

**नीबू का शैंपूः** नीबू का शैंपू बनाने के लिए मेहंदी पावडर में एक अंडा मिलाएं। उसमें एक कप गर्म पानी, आधा नीबू का रस मिलाएं। जब गाढ़ा पेस्ट बन जाए तो अपनी हथेली में इस शैंपू की कुछ बूंदें लेकर गीले बालों पर धीरे से मालिश करें। जब झाग बन जाए तो साफ पानी से धो डालें।

**एवोकाडो-नीबू शैंपूः** इसे बनाने के लिए एक एवोकाडो, 4 कप कैमोमाइल चाय, 1/4 कप ताजा नीबू का रस लें। एवोकाडो का गूदा, कैमोमाइल चाय, नीबू का रस अच्छी तरह ब्लेंड कर लें। इस मिश्रण को गीले बालों में लगाकर हल्के हाथों से मालिश करें। 15 मिनट तक लगा रहने दें। बाद में ठंडे पानी से अच्छी तरह धो लें।

डाइट एडवाइस

अंजू जैन

अच्छी सेहत बहुत हद तक पौष्टिक खान-पान की आदत और सही जीवनशैली पर निर्भर करती है। अगर हम खान-पान की सही आदतें और बेसिक रूल्स अपना लें, तो हेल्दी रह सकती हैं। कुछ यूजफुल डाइट रूल्स के बारे में जानिए।

# फॉलो करें डाइट रूल्स आप रहेंगी हेल्दी



हम सभी भूख लगने पर स्वादिष्ट भोजन करना चाहते हैं। इससे पेट भरता है, मन को संतुष्टि मिलती है। लेकिन भोजन केवल स्वाद के लिए नहीं शारीरिक-मानसिक सेहत को ध्यान में रखकर करना चाहिए। इसके लिए भोजन करने के कुछ नियमों का पालन करना जरूरी है।

**वैरायटी शामिल करेंः** न्यूट्रिशन एक्सपर्ट्स का मानना है कि भोजन में रंग-बिरंगी सब्जियां, हेल्दी ऑयल, मेवे, दूध, फल आदि शामिल करने चाहिए। जापान में डाइट हैबिट पर किए गए शोध के नतीजे बताते हैं कि भोजन में वैरायटीज शामिल करने से आपको तरह-तरह के विटामिन और न्यूट्रिएंट्स मिलते हैं। आपको अपनी डेली डाइट में मौसमी सब्जियों और फलों को जरूर शामिल करना चाहिए। अगर आप नॉनवेज खाती हैं तो इसे सीमित मात्रा में ही खाएं। वेज फूड्स को प्रेफरेंस दें।

**ओवर ईटिंग से बचेंः** अच्छी हेल्थ के लिए ओवर ईटिंग से बचना जरूरी है। जो भी खाएं, भूख से 10-15 फीसदी कम मात्रा में खाएं। स्वाद के कारण या दूसरों के दबाव में अगर आपने दिन में एक टाइम अधिक भोजन कर लिया है तो अगला भोजन हल्का लें। कहने का अर्थ है कि अगर आपने किसी पार्टी में लंच अधिक कर लिया है या मीठा और ऑयली फूड अधिक खा लिया है तो डिनर में कम भोजन लें। अगर आप केवल सलाद खाएं तो यह सबसे बेहतर रहेगा। अगर आपने डिनर में हैवी खाना खाया है तो अगली सुबह जूस या सलाद लेना सही रहेगा।

**रुचि लेकर करें भोजनः** कई लोग भोजन करते वक्त फोन पर बातें करते हैं, व्हाट्सएप या फेसबुक चलाते हैं, न्यूज पेपर, मैगजीन पढ़ते हैं या फिर टीवी देखते हैं। कुछ लोग बहुत हड़बड़ी में भोजन करते हैं और इसे एक काम समझ कर निपटा देते हैं। इसी प्रकार कुछ लोग भोजन को सिर्फ पेट भरने का जरिया मानकर कुछ भी खा या पी लेते हैं या फिर बाजार से मंगवा कर जंक फूड खा लेते हैं। ऐसी सभी आदतें सेहत के लिए सही नहीं होती हैं। भोजन को रुचि के साथ पकाना और खाना चाहिए। तरह-तरह के स्वाद वाला पौष्टिक भोजन करना स्वास्थ्यवर्धक होता है। भोजन बनाने में अच्छी क्वालिटी वाली ताजी सब्जियां, मसाले, आटा, चावल आदि का इस्तेमाल करें। भोजन रुचिकर होने के साथ हाइजीनिक भी होना चाहिए। इसी प्रकार भोजन करते वक्त हर कौर का आनंद लें, चबाकर, पूरा स्वाद लेते हुए धैर्यपूर्वक भोजन करें ताकि उसका सही ढंग से पाचन हो और भोजन तन को लगे।



**स्वाद को न दें अधिक महत्वः** तेज मसालों और ज्यादा तेल में फ्राई किया हुआ चटपटा भोजन देखने और खाने में भले ही स्वादिष्ट और सुंदर लगता हो लेकिन यह सेहत के लिए काफी नुकसानदायक होता है। हर रोज रेस्तरां में जाकर या डिब्बाबंद भोजन खाने की आदत न डालें बल्कि हल्का और आसानी से डाइजेस्ट होने वाला भोजन करें। दिखने में आकर्षक भोजन की बजाए सेहत के लिए फायदेमंद भोजन को इंपॉर्टेंस दें।

**स्प्राउटेड-फर्मेंटेड फूड लेंः** दही, ढोकला, इडली जैसे फर्मेंटेड फूड पेट की सेहत और पाचन के लिए फायदेमंद होते हैं। इनमें पोषक तत्व भी होते हैं। इसी प्रकार अंकुरित अनाज फाइबर, विटामिन और मिनरल्स के अच्छे सोर्स होते हैं। इनका नियमित सेवन बेहद जरूरी है।

(डायटिशियन संगीता मिश्रा से बातचीत पर आधारित)